


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## भोजनालय में होगा बाररूम, वहीं पीना होगा

जिस भोजनालय को शराब बेचने का लाइसेंस मिलेगा, वहां विदेशी मदिरा पिलाई जाएगी। रेस्टारेंट बार में आने वाले आगंतुकों को भोजन या नाश्ते के साथ शराब बेची जाएगी। खाने वालों को बेची गई शराब का उपयोग उसी परिसर में ही करना होगा। लाइसेंसधारी को पिलाने के लिए एक बाररूम बनाना होगा। इसके साथ ही एक स्टॉक रूम और शराब परोसने के लिए एक ही कांउटर की व्यवस्था होगी। ऐसे रेस्टारेंट से खुली बोतलों से केवल फुटकर (लूज) शराब की बिक्री की जाएगी।

### माल नहीं उठाया तो लगेगा जुर्माना

लाइसेंसधारी को हर माह शराब का तय कोटा उठाना होगा। अगर किसी माह के लिए निर्धारित स्प्रिट या बीयर की न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा लाइसेंस धारी नहीं उठाता है, तो वहां संबंधित जिले का कलेक्टर कम उठाई गई शराब या बीयर की मात्रा पर स्प्रिट प्रति क्वार्ट बोतल पर 730 रुपए एवं माल्ट मदिरा की प्रति क्वार्ट बोतल पर 155 रुपए की दर से शास्ति (जुर्माना) अधिरोपित करेगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा।

# अब भोजनालय भी बन जाएंगे मयखाने, खाना- नाश्ते के साथ पीने का भी होगा इंतजाम

- राज्य सरकार ने किया आबकारी एक्ट में बदलाव
- रेस्टारेंट में केवल लूज शराब की होगी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब भोजनालय भी मयखाने बन जाएंगे, जहां नाश्ते और खाने के साथ शराब पीने का इंतजाम रहेगा। राज्य सरकार के आबकारी विभाग ने पहली बार ऐसे रेस्टारेंट को जहां आगंतुकों के ठहरने के लिए आवास की व्यवस्था न हो, वहां भी शराब बेचने का लाइसेंस जारी करने का फैसला किया है। ऐसा करने के लिए छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम 1966 में बदलाव किया गया है। अब से पहले तक राज्य में ऐसे रेस्टारेंट में ही शराब परोसने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 20 प्रतिशत अधिक दर से होगी बिक्री

विदेशी मदिरा स्प्रिट एवं माल्ट के लिए निर्धारित फुटकर विक्रय दर से न्यूनतम 20 प्रतिशत अधिक दर पर पर अनुज्ञप्त परिसर में बेची जा सकेगी। इस प्रकार लाइसेंसधारी को मदिरा की खुली बोतलों को फुटकर विक्रय के लिए विक्रय दर इस तरह तय करनी होगी, जो विदेशी विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से विक्रय की जाने वाली मदिरा की फुटकर विक्रय दर से कम से कम 20 प्रतिशत अधिक हो।

## खबर संक्षेप

### मकान में आग से दो बच्चों सहित महिला की मौत



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में तड़के एक मकान में आग लगने से एक महिला और उसके दो बच्चों की जलकर मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नाजिया बेगम, उसकी बेटी अमीना और बेटे रिजवान के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार, द्रबशाला के बदहात-जशर गांव में खुर्शीद अहमद के घर पर तड़के करीब साढ़े चार बजे आग लगी।

### फेमा जांच को लेकर ईडी के कई स्थानों पर छापे



**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन से संबंधित जांच के सिलसिले में सोमवार को चेन्नई में कई स्थानों तथा कुछ अन्य जगहों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत दर्ज एक मामले में करीब 10 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म और यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल एस के पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिका खारिज की और कहा कि रेवन्ना बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं।

### जेट एयरवेज के संस्थापक गोयल को मिली जमानत



**मुंबई।** उच्च न्यायालय ने धन शोधन के आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सा आधार पर को जमानत दे दी। इस साल मई महीने में न्यायमूर्ति एन.जे. जामदार की एकल पीठ ने गोयल को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति ने अंतरिम जमानत को स्थायी जमानत में परिवर्तित करने का आदेश दिया।

### 13 नवंबर को वोटिंग, झारखंड में 43 सीटों पर वोटिंग, मैदान में छह कैबिनेट मंत्री

# झारखंड के साथ कई राज्यों में उपचुनाव, शोर थमा

# रायपुर दक्षिण में सीएम साय का विशाल रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड में विधान सभा चुनाव सहित देश के अन्य राज्यों राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश व रायपुर दक्षिण में हो रहे उपचुनाव को लेकर चल रहा प्रचार सोमवार की शाम से थम गया। इन सीटों पर 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। आखिरी दिन सभी पार्टियों के नेताओं ने प्रचार अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए रैलियां की और विरोधियों को निशाने पर लिया। वहीं चुनाव आयोग ने भी मतदान के लिए चाक चौबंद व्यवस्थाएं कर रखीं हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ ही सभी प्रत्याशियों से अपील करते ▶▶|शेष पेज 4 पर



## साय के रोड शो में जनसैलाब

- भाजपा ने रायपुर दक्षिण में प्रचार थमने से पहले किया शक्ति प्रदर्शन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के समर्थन में रोड शो किया। करीब तीन घंटों तक राजधानी में चले इस रोड शो में 58 स्थानों पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। जयस्तंभ चौक पर शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ रोड शो शाम को कटोरातालाब के नेताजी चौक पर समाप्त हुआ। इस रोड शो के बहाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

## दक्षिण का प्रचार थमा, कल होगा मतदान 1300 से अधिक कर्मचारी संभालेंगे कमान

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर 13 नवंबर को 266 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों में 1300 से अधिक मतदान दलों को मंगलवार को रवाना किया जाएगा। मतदान दल शाम तक सभी केंद्रों में पहुंच जाएंगे। मतदान के सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मुख्य ▶▶|शेष पेज 4 पर

- 266 मतदान केंद्रों में मतदान दल आज रात तक पहुंचेंगे
- 2.71 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

### चुनाव क्षेत्र में कल अवकाश

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा, इस दिन चुनाव क्षेत्र अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश और सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। कलेक्टर रायपुर ने इसका आदेश जारी किया है।

**127 केंद्रों की लाइव वेब कास्टिंग :** विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 10 संगवारी मतदान केन्द्र होंगे जो महिला मतदान दल द्वारा संचालित होंगे। इसी प्रकार 5 आदर्श मतदान केन्द्र, 1 दिव्यांग संचालित मतदान केंद्र एवं 5 युवा संचालित मतदान केंद्र बनाये गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग जनों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु मतदाता मित्र तैनात ▶▶|शेष पेज 4 पर

# अयोध्या की बुनियाद हिला देंगे, आतंकी पन्नू ने दी धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा की शह से खालिस्तानियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि अब वे हिंदुओं की आस्था के सबसे बड़े केंद्र अयोध्या के राम मंदिर को निशाना बनाने की धमकी देने लगे हैं। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी करते हुए राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी है। वीडियो में पन्नू ने कनाडा के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी थ्रेट दिया है।

- भारत के खिलाफ उगलता रहता है जहर

### क्या कहा पन्नू ने वीडियो में

सिख फॉर जस्टिस नामक आतंकी संगठन के चीफ पन्नू ने जारी विडियो में कहा,'16 और 17 नवंबर को अयोध्या के राम मंदिर में हिंसा होगी। पन्नू ने आगे कहा,'हम हिंदुत्व विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे। पन्नू के वीडियो में पीएम मोदी की अयोध्या राम मंदिर में प्रार्थना करते हुए तस्वीरें भी दिखाई गई हैं।

### पहले भी धमकी दे चुका है खालिस्तानी पन्नू

ऐसा नहीं है कि पन्नू ने पहली बार भारत के खिलाफ कोई धमकी दी है। इससे पहले खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने भारत को धमकी देते हुए प्लेन उड़ाने की बात कही थी। पन्नू ने कहा था कि सिख दंगों के 40 साल पूरे होने पर एअर इंडिया की फ्लाइट पर हमला हो सकता है।

# किडनैप कर डेढ़ साल तक करता रहा रेप, मुंबई में अंधेरे कमरे में हाथ-पांव बांधकर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

शहर की एक युवती का किडनैप कर युवक मुंबई ले गया। वहां पर डेढ़ साल तक चारों ओर से बंद और अंधेरे कमरे में हाथ- पैर बांधकर रेप करता रहा। भूखा- प्यासा रखा और प्राइवेट पार्ट में केमिकल डालकर जलाया, जिससे गर्भाशय डैमेज हो गया। किसी तरह भागकर लौटी युवती का अस्पताल में इलाज जारी है।

- प्राइवेट पार्ट को केमिकल डालकर जलाया गर्भाशय डैमेज इलाज जारी

कोंडागांव की रहने वाली करीब 22 साल की एक आदिवासी युवती की पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराया कि सन्- 2022-23 में युवती के पास गुमनाम कॉल आई। फिरोज नाम के उस शख्स के नंबर को युवती बार-बार ब्लॉक करती रही, लेकिन वह नए-नए नंबरों से कॉल करता रहा। इसी बीच एक दिन लड़की की तबीयत खराब ▶▶|शेष पेज 4 पर

## युवती ने सुनाई आपबीती, आरोपी यूपी से गिरफ्तार



### मुंबई लेकर आ गया

युवती ने बताया कि फिरोज मुंबई की किसी फैक्ट्री में काम करता था। वहां धारावी की बस्ती में एक छोटा सा मकान था,जिसमें खिड़की तक नहीं थी। फिरोज सुबह जब जाता था, तो हाथ-पांव में कपड़ा बांधकर जाता था। एक दिन फिरोज जब काम पर चला गया तो मोबाइल ले जाना भूल गया। युवती ने मोबाइल से एक नंबर निकाला और उन्हे पूरी कहानी बताई। वह नंबर कपड़ा फैक्ट्री के मालिक का था। इसी फैक्ट्री में आरोपी फिरोज काम करता था।

### आरोपी पकड़ा गया

आरोपी युवक ने युवती से शादी करके दो साल तक अपने साथ रखा। युवती ने शिकायत की है कि युवक ने उसे मुंबई में रखकर प्रताड़ित किया है। युवती का ईलाज जारी है। आरोपी युवक को उत्तरप्रदेश में पकड़ने के लिए टीम भेजी गई थी। टीम युवक को गिरफ्तार कर कोंडागांव ला रही है।

**- अक्षय कुमार**, एसपी, कोंडागांव

### फैक्ट्री मालिक ने की युवती की मदद

युवती ने बताया कि फैक्ट्री मालिक ने उसकी मदद की। कमरे पर आकर उसने युवती के हाथ खोले और यहां से जल्दी निकल जाने की बात कही। डरी सहमी युवती मुंबई के सीएसटी रेलवे स्टेशन तक पहुंची। वहां से ट्रेन पकड़ी। इस दौरान युवती ट्रेन में डरी सहमी सी बैठी रही। इसी बीच कुछ ▶▶|शेष पेज 4 पर

# एएसआई का हाथ कटा, पायलट घायल ट्रैक पर दोनों तरफ से आ गई 'मालगाड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

यहां ट्रेन हादसे की सूचना पर मौके पर जांच करने पहुंचे एएसआई राजेन्द्र मिश्रा का वहां अचानक आई एक ट्रेन से टकराकर हाथ कट गया। ये घटना रविवार रात की करैया भदौली और बांदकपुर रेलवे स्टेशन के बीच की है। हादसे के चश्मदीद राहुल रैकवार ने बताया कि राजेंद्र मिश्रा रेलवे ट्रैक पर पड़े दो युवकों के शवों का पंचनामा बना रहे थे, तभी पीछे से आ रही मालगाड़ी उन्हें नहीं दिखी और उसी से उनका हाथ टकराकर कट गया। हादसे में पुलिस गाड़ी का ड्राइवर यावर खान भी घायल हो गया।



### ट्रेन से गिरने से हो गई थी दो लोगों की मौत

रविवार रात बिलासपुर-भोपाल ट्रेन से गिरने के कारण दो युवकों की मौत हो गई थी। ये हादसा दमोह से करीब 15 किलोमीटर दूर करैया भदौली और बांदकपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। सूचना मिलने पर बांदकपुर चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र मिश्रा रेलवे ट्रैक पर पहुंचे। दोनों शवों का पंचनामा किया जा रहा था, तभी तीसरी लाइन से एक ट्रेन गुजरी, जिसकी चपेट में एएसआई मिश्रा आ गए और उनका एक हाथ कट गया।







*नई दिल्ली।* *झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर 13 और 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। सभी दल चुनाव प्रचार में लगे हैं। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। झामुमो ने झारखंड चुनाव के लिए 9 सूत्रीय 'अधिकार पत्र' घोषणापत्र जारी किया है। अपने वादे में जेएमएम ने मैया योजना के तहत 2500 रुपये महीना देने का ऐलान किया है। साथ ही घोषणापत्र में बुजुर्गों के लिए पेंशन, विकलांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाकर 2500 रुपये महीने की गई हैं।*

# 450 में सिलेंडर, 2500 की वृद्धा पेंशन और किसानों को बिना ब्याज लोन

## जेएमएम ने जारी किया घोषणापत्र * 13 और 20 नवंबर को होनी है वोटिंग

### आरक्षण की बढ़ाई जाएगी सीमा

जेएमएम ने वादा किया है कि सत्ता में आने के बाद राज्य में आरक्षण के दायरे को 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ाया जाएगा. जेएमएम ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। साथ ही किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लोन देने की बात कही है। वहीं, 500 सीएम उत्कृष्ट विद्यालय और हर जिले में खेल केंद्र खोलने की बात कही है।



### पहले चरण के प्रचार का आखिरी दिन

झारखंड में 13 नवंबर को पहले चरण की वोटिंग होनी है। आज सभी दलों का प्रचार जोरों पर है। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को होना है जिसके लिए 683 उम्मीदवार मैदान में हैं। यानी, हर सीट पर करीब 16 उम्मीदवार हैं। दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे. झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) गठबंधन की योजना अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता के बल पर सत्ता में बने रहने की है, खासकर अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों के सर्मथन के भरोसे. वहीं, बीजेपी गठबंधन, सोरेन सरकार की कमियों को गिनाते और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का विस्तार करते हुए वापसी की कोशिश कर रहा है, जिसमें ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू), झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम), और जनता दल (यूनाइटेड) को शामिल किया गया है।

### सूबे का क्षेत्रीय समीकरण

*झारखंड को चुनावी विश्लेषण के लिए पांच क्षेत्रों में बांटा जा सकता है: पलामू, संथाल परगना, उत्तर छोटानागपुर, दक्षिण छोटानागपुर, और कोल्हान. पलामू में 9 सीटें हैं, छोटानागपुर में 40 सीटें (उत्तर और दक्षिण मिलाकर), संथाल परगना में 18 सीटें और कोल्हान में 14 सीटें हैं। राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 9 सीटें और अनुसूचित जनजाति के लिए 28 सीटें आरक्षित हैं।*

# झारखंड में घुसपैठियों को खुलकर संरक्षण दे रही है सोरेन सरकार

## गृहमंत्री शाह ने चुनावी सभा में झामुमो पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड में चुनाव अभियान तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सरायकेला में जनसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो सरकार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे। साथ ही घुसपैठियों की ओर से हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए समिति बनाई जाएगी। इसके अलावा आदिवासी



महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को होने वाले जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड में आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिये हमारी बेटियों से शादी करके जमीन हड़प रहे हैं। अगर घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी करते हैं तो हम उन्हें जमीन के हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून लाएंगे।

### भ्रष्टाचार पर लगाएंगे लगाम

शाह ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर झामुमो गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। झामुमो सरकार 1,000 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले, 300 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले, 1,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले और शराब घोटाले के पीछे थी। इसके अलावा वह केंद्र द्वारा भेजे गए 3.90 लाख करोड़ रुपये खा गई। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर भाजपा की सरकार बनी तो हम तय करेंगे कि अगर केंद्र एक रुपया भेजता है तो राज्य उसमें 25 पैसे और जोड़े ताकि लोगों तक 1.25 रुपये पहुंचें।

### घुसपैठियों के लिए झारखंड धर्मशाला

भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर राज्य को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए 'धर्मशाला' में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में माफिया, पत्थरबाजों, अराजकता फैलाने वालों का इलाज करने के लिए डबल इंजन सरकार की जरुरत है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से एकजुट होने की अपील की। यूपी के सीएम ने आरोप लगाया कि झारखंड की सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार, अराजकता और प्राकृतिक संसाधनों की लूट को बढ़ावा दिया है। आदित्यनाथ ने कहा, 'झारखंड को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला में बदल दिया गया है। उन्हें अराजकता फैलाने की खुली छूट दी गई है।' उन्होंने आगे कहा, 'बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। सोरेन परिवार, लालू प्रसाद के परिवार और गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि रांची, पटना और दिल्ली में तीन परिवारों ने व्यक्तिगत विकास के लिए लूट और भ्रष्टाचार किए।'



# एआई, चैट जीपीटी के मार्फत हो रहे आधुनिक क्राइम पर अंकुश के लिए पीएम मोदी ने बनायी डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जिस तरह से आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए आम नागरिकों के साथ बडी संख्या में ठगी हो रही है उससे केंद्र सरकार सचेत हो गई है। नागरिको को ठगने से बचाया जाए। पुलिस को चाकचौबंद किया जाए। भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों समेत तकनीकी का इस्तेमाल ऐसे ठगों को पकडने में पुलिस कैसे करे, इन सब पर भुवनेश्वर में तीन दिनों तक माथापच्ची होनी है। विभिन्न राज्यों के डीजी, आईजी, पुलिस प्रमुखों को हाईप्रोफाइल बैठक में शिरकत करने केंद्रीय गृहमंत्रालय ने ताकीद की है। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री के आंतरिक सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल शामिल रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बैठक में भाग लेकर पुलिस प्रमुखों को टिप्स देंगे। सूत्रों ने बताया कि बैठक मशविदा प्रधानमंत्री कार्यालय ने तैयार किया है। सीमावर्ती राज्यों में आए दिन सीमा पार से ड्रोन मादक पदार्थ भारतीय सीमा में गिराने की हिमाकत करते रहते हें। साथ ही ड्रोन का उपयोग खुफिया सूचना इकट्ठे करने में भी दुश्मन देशों की तरफ से लगातार हो रहे हैं, उनसे कैसे और किस हद तक निपटना है, बैठक में इस पर भी विस्तार से विमर्श होना है। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैट जीटीपी का उपयोग तकनीकी से लैस ठगों को कानून के जाल में फांसने के लिए कैसे करना है, विशेषज्ञ इसका भी प्रशिक्षण पुलिस प्रमुखों को देंगे।



### खास बातें

- भुवनेश्वर में होगा तीन दिवसीय विमर्श, पुलिस प्रमुखों की हाईप्रोफाइल बैठक में मोदी, शाह, डोभाल लेंगे भाग
- पाकिस्तान, चीन की तरफ से आ रही चुनौतियों सहित खालिस्तानी उपद्रवी और नक्सल को जड से उखाडे जाने पर होगा चिंतन







रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024 | कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 23, अंक : 116 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार करने गई पुलिस पर राजा बैझड़ ने की फायरिंग की कोशिश



पुलिस गिरफ्त में आया बदमाश दुर्ग एनकाउंटर में मारे गए बदमाश अमित जोश का करीबी

# रायपुर में जोश का करीबी बदमाश पुलिस पर फायरिंग की कोशिश करते हुए दबोचा गया, पैरोल लेकर था फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग एनकाउंटर में मारे गए बदमाश अमित जोश का करीबी जो पैरोल पर जेल से छूटने के बाद फरार चल रहा है, उसने शनिवार देर रात पुलिस पर देशी कट्टा से फायरिंग की कोशिश की। बुलेट कट्टा में फंस जाने पर बदमाश ने पुलिसकर्मियो ▶▶| शेष पेज 4 पर




पकड़े जाने के बाद थाने में हंसी ठिठोली

### भनक लगते ही कट्टा उठाया

बदमाश को पकड़ने गई पुलिस टीम के मुताबिक राजा को पकड़ने पेट्रोलिंग पार्टी जैसे ही आगे बढ़ी, राजा ने कट्टा उठा लिया और ट्रिगर पर हाथ दबाया, लेकिन फायर नहीं हो पाया। इस पर ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इलाज कराने 15 दिनों की पैरोल पर छूटा था

हत्या के आरोप में रायपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा राजा बैझड़ बीमारी का हवाला देकर उपचार कराने के नाम पर नौ जुलाई को 15 दिनों के लिए पैरोल पर छूटा था। 25 जुलाई को राजा को जेल में अपनी आमद दर्ज करानी थी, लेकिन वह आमद दर्ज कराने के बजाय फरार हो गया।

## जोश को दो नहीं, लगी थी 10 से ज्यादा गोलियां, एक सीने में, जिसके कारण दम तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर थाना अंतर्गत जयंती स्टेडियम के पास सेक्टर-6 निवासी कुख्यात अपराधी अमित जोश एनकाउंटर मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उसे दो नहीं 10 से ज्यादा गोलियां गली थी। इसमें एक गोली सीने में लगी, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। इसके अलावा सारी गोलियां कमर के निचले हिस्से में लगी। इधर स्वास्थ्य विभाग ने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को सुपुर्द कर दी है। पीएम में चोट की पुष्टि हुई ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अनसुलझे सवाल, जिनके जवाब नहीं

इस मामले में अब तक कई सवाल अनसुलझे हैं, जिसका जवाब पुलिस के पास भी नहीं है। इसके अलावा पुलिस खुद भी कई जानकारी छिपा रही है, इस वजह से घटना से जुड़ी पूरी कहानी अब तक सामने नहीं आ पाई है। मुख्य रूप से ग्लोब चौक में फायरिंग के बाद से अमित कहां था। वह घटना दिनांक को ▶▶| शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जापानी संसद ने इशिबा को फिर प्रधानमंत्री चुना

**टोक्यो।** जापान की संसद ने शिगेरू इशिबा को को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री चुना।



इशिबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को पिछले दिनों एक दशक से भी अधिक समय में अपनी सबसे बड़ी चुनावी हार का सामना करना पड़ा था, जिससे उन्हें शपथ लेने के लगभग एक महीने बाद ही दूसरी कैबिनेट ने उन्हें चुना।

### एसएसडीएफ ने जम्मू में जलाया पाकिस्तानी झंडा

**जम्मू।** शिवसेना डोगरा फ्रंट ने किश्तवाड़ में एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर की मौत के



विरोध में यहां पाकिस्तानी झंडा जलाया और आतंकी हमलों में सेना के जवानों की मौत पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। संगठन ने सरकार की आलोचना करते हुये कहा कि इसके गठन के बाद से अब तक 15 आतंकी घटनायें हो चुकी हैं।

### मुंबई में 1.43 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**मुंबई।** पश्चिमी उपनगर दहिसर में निर्वाचन आयोग की 'स्टैटिक सर्विलांस टीम'' ने 1.43 करोड़



रुपये मूल्य का 1.95 किलोग्राम सोना जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि कल रात एक नियमित जांच के दौरान एसएसटी ने दो व्यक्तियों की बैग की तलाशी ली तो उसमें से सोने के कंगन बरामद किए गए।

### पाक-ईरान सीमा पर आतंकी हमला, पांच की मौत

**तेहरान।** पाकिस्तान सीमा पर आतंकवादी हमला किया गया। जिसमें ईरान के पांच सुरक्षाकर्मियों



की मौत हो गई। मृतक सुरक्षाकर्मी अर्द्धसैन्य रेवोल्यूशनरी गार्ड के स्वयंसेवी बासिज बल के जातीय बलूच सदस्य थे। एजेंसी ने जानकारी दी कि ईरान के साथ लगती पाक की सीमा के पास एक आतंकवादी हमला हुआ।

### वक्फ विधेयक के खिलाफ मुस्लिम समुदाय का 24 को मार्च

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले 24 नवंबर को मुस्लिम



समुदाय वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 के खिलाफ दिल्ली तक मार्च निकालेगा। यह घोषणा राजस्थान के जयपुर में वक्फ विधेयक के खिलाफ आयोजित 'तहफ्फुज-ए-औकाफ' कॉन्फ्रेंस में की गई।

## मणिपुरः सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, सीआरपीएफ का एक जवान गंभीर

# सीआरपीएफ कैंप पर हमला करने आए 11 कुकी उग्रवादियों को जवानों ने मार गिराया

*मणिपुर में सुरक्षाबलों ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई में कम से कम 11 हथियारबंद कुकी उग्रवादियों को मार गिराया, जो जिरीबाम जिले के बोरोबेकरा में एक सीआरपीएफ कैंप पर हमला करने आए थे। सूत्रों के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे कुकी उग्रवादियों ने जिरीबाम के बोरोबेकरा स्थित सीआरपीएफ कैंप पर हमला कर दिया। सीआरपीएफ ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में कम से कम 11 कुकी उग्रवादी मारे गए। वहीं सीआरपीएफ का एक जवान भी गंभीर रूप से घायल है।*



एजेंसी ▶▶| इंफाल

इसी प्रकार एक अन्य घटना में बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र वाले जकुराधोर में मैतेई समुदाय के तीन से चार खाली घरों को अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी, जिनके कुकी-हमार समुदाय का होने का संदेह है। जकुराधोर करोंग बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। सीआरपीएफ, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के जवानों को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में तैनात किया गया है, जहां एक राहत शिविर भी है। सूत्रों ने कहा कि हमलावर शिविर को भी निशाना बनाने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक हथियारबंद उग्रवादियों ने धान की कटाई कर रहे मैतेई किसानों पर पहले फायरिंग की फिर बम फेंके। हमले की सूचना मिलने पर पुलिस और बीएसएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। उग्रवादियों और बीएसएफ जवानों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो करीब 40 मिनट तक चली जिसके बाद उग्रवादी भाग गए।

- किसानों पर फायरिंग कर बम फेंके

### मैतेई हथियारबंद उग्रवादी कुकी इलाके में घूम रहे

### आगजनी की घटना में महिला व बच्चों की मौत

जिरीबाम के जकुराडोर में हुई घटना के पीछे गुरुवार रात की घटना को कारण बताया जा रहा है, जिसमें हथियारबंद उग्रवादियों ने आदिवासी बस्ती जैरोन हमार गांव में कम से कम 10 घरों में आग लगाई गई थी। इस घटना में एक महिला सहित दो बच्चों की जलकर मौत हो गई थी। वह 3 बच्चों की मां थी। वारदात का आरोप मैतेई उग्रवादियों पर था। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि मैतेई हथियारबंद उग्रवादी कुकी इलाके में घूम रहे हैं।

### मई 2023 से जारी है हिंसा

मणिपुर में 3 मई, 2023 से हिंसा जारी है। आदिवासी समुदाय कुकी ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा देने के खिलाफ मार्च निकाला था, जिसके बाद हिंसा भड़क गई थी। मणिपुर हिंसा में अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है, वहीं 1,100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। 65,000 से अधिक विस्थापित हैं।



### हथियार व गोला-बारूद बरामद

मारे गए कुकी उग्रवादियों के पास से 4 एसएलआर, तीन एके-47, एक आरपीजी समेत अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। कुकी-हमार समुदाय के सशस्त्र उग्रवादियों ने कुछ घरों को आग के हवाले कर दिया और जिरीबाम जिले के बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन पर हमला किया और कई राउंड फायरिंग की। इस हमले के बाद सीआरपीएफ ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें उग्रवादी मारे गए।

### 3 दिन में 7 हमले, 3 मौतें, 1 जवान घायल

10 नवंबरः इम्फाल ईस्ट के मैतेई गांव में कुकी उग्रवादियों ने बम फेंके। बीएसएफ जवान के हाथ में गोली भी लगी। 10 नवंबरः थाम्नापोक्पी में कुकी-चिन हमलावरों की मैतेई हथियारबंद लोगों और असम राइफल्स के जवानों के बीच गोलीबारी हुई। 9 नवंबरः बिष्णुपुर के लाम्पत में धान के खेतों में काम करते वक्त 34 साल की महिला की गोली लगाने से मौत हो गई थी। 9 नवंबरः थम्नापोकपी के कुकी गांवों के तीन अलग-अलग स्थानों से उग्रवादियों ने रात करीब साढ़े नौ बजे एक मैतेई गांव पर बम फेंके। साढ़े 4 घंटे तक गोलीबारी भी की। 9 नवंबरः बिष्णुपुर जिले में सैटन गांव के पास सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच फायरिंग हुई। 9 नवंबरः पोरोम्पोत में मैतेई समुदाय के डॉक्टर मोइरांग्थेम दानबीर को कुकी उग्रवादियों ने गोली मार दी। 8 नवंबरः जिरीबाम जिले के जैरावन गांव में हथियारबंद उग्रवादियों ने 6 घर जला दिए। हमलावरों की फायरिंग में एक 31 साल की महिला की मौत हो गई।

## मुंबई में वैन से साढ़े छह टन की चांदी की ईंटें जब्त

करोड़ों में है कीमत



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच मुंबई के विक्रोली में एक वैन से साढ़े छह टन की चांदी की ईंटें सीज की गई हैं। मार्केट में इसकी कीमत करोड़ों रुपये में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि विक्रोली पुलिस और चुनाव आयोग की जांच टीम की ओर से जब्त की गई चांदी की ईंटें कैश वैन से बरामद हुईं हैं। पूछताछ में ये भी पता चला है कि करोड़ों रुपये की कीमत वाली चांदी की ये ईंटें ब्रिंक्स कंपनी की गाड़ी से मुलुंड के एक गोदाम में रखी गई थीं।

### कैश सीज 12 गिरफ्तार

इससे पहले आठ नवंबर को मुंबई पुलिस ने 2 करोड़ 30 लाख कैश बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। गुप्त जानकारी मिली थी जिसके आधार पर पुलिस ने भुलेश्वर मार्केट, कालबादेवी में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में नकदी ले जाने के शक में 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया।

## मिथुन को पाक गैंगस्टर भट्टी से मिली धमकी

विवादित टिप्पणी पर माफी की मांग



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता और अब भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती को पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी है। भट्टी दुबई में रहता है। भट्टी ने वीडियो जारी कर कहा, मिथुन साहब, आपको मेरा एक सुझाव है। आप 10-15 दिन में वीडियो जारी करो और माफी मांग लो। यह बेहतर है और आपका माफी मांगना भी बनता है। आपने दिल दुखाया है।

### क्या कहा था मिथुन ने

बता दें कि 27 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक के ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में मिथुन ने कहा था कि एक दिन आएगा जब हम तुमको काट कर भागीरथी में नहीं, क्योंकि भागीरथी हमारी मां है... तुमको तुम्हारी ही जमीन में फेंकेंगे।

## गैंगस्टर भाटी को उम्रकैद सुनाने वाले जज ने थाने में घुसकर बचाई जान



- नोएडा जाते समय हाइवे पर जज अनिल कुमार की कार का पीछा
- बदमाशों ने कार रुकवाने का प्रयास किया, असलहे दिखा धमकाया

**अलीगढ़।** कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी और उसके गुर्गों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने वाले जज अनिल कुमार की कार को बोलेरो सवार पांच बदमाशों ने हाइवे पर पीछा किया। बदमाशों ने उनकी कार रोककर उन्हें असलहे दिखाकर धमकाने का प्रयास किया है। जज ने खुद को घिरता देख अलीगढ़ जिले के खैर थाना क्षेत्र की सोफा पुलिस चौकी पहुंचकर अपनी जान बचाई। जज ने यहां एफआईआर दर्ज कराई है। जज अनिल कुमार इस समय फर्रुखाबाद में विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) पद पर तैनात हैं।

### 29 अक्टूबर की रात 8 बजे की वारदात

घटना 29 अक्टूबर की रात 8 बजे के आसपास की है। जज ने इस मामले में चौकी इंचार्ज सोफा और SSP के PRO को सूचना दी। फोन पर खैर थाना प्रभारी निरीक्षक डीके सिसोदिया को भी सूचना दी। इसके बाद 8 नवंबर को 5 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ खैर थाने में मामला दर्ज करवाया। हालांकि मामला जज से जुड़ा था इसके चलते पुलिस ने खुलासा नहीं किया।

### जज ने रात में ही दे दी थी सूचना

एसएसपीइस पूरे मामले में एसएसपी संजीव सुमन का कहना है कि जज ने घटना वाली रात में सूचना दी थी। उस वक्त सिर्फ उन्होंने अंदेशा जताया था। कुछ लोगों ने उनकी कार रोकने का प्रयास किया था, लेकिन उस समय उनके द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई थी। अब उन्होंने तहरीर दी है। इसमें हमले का अंदेशा जताया है। बोलेरो का नंबर भी अधूरा है। जिसकी वजह से वह ट्रेस नहीं हो पा रही है। मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### 2021 में सुनाई थी सुंदर भाटी को सजा

सपा नेता हरेंद्र नागर और उसके गनर की हत्या के मामले में तत्कालीन जज अनिल कुमार ने सुंदर भाटी को 2021 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद गत 23 अक्टूबर को सोनभद्र जेल से रिहा हुआ था। इसके दिन बाद 29 अक्टूबर को जज की गाड़ी का पीछा किए जाने की घटना सामने आई थी।

## एनएसजी के डिप्टी कमांडेंट ने फर्जी टेंडर निकालकर किया 123 करोड़ का 'खेल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अपने आप का ऐसा पहला मामला है जिसमें हाईफाई वीवीआईपी को कमांडो सुरक्षा मुहैया कराने वाले नेशनल सिक्योरिटी गार्डस (एनएसजी) के डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव की हिमाचल स्थित लाहौलस्पीती में 123 करोड रुपये की चल अचल संपत्तियों में से 48 करोड रुपये की संपत्ति को ईडी ने अटैच कर लिया है। जांच एजेंसी इस बात की भी जांच की जा रही है कि 'खेल' प्रवीण यादव ने अकेले किया या उसके साथ अन्य अधिकारियों की मिलीभगत रही।




- ईडी ने की 48 करोड़ की संपत्ति अटैच

### 2022 से गुरुग्राम जेल में है आरोपी

मामला कथित रूप से मनी लांड्रिंग का है। प्रवीण यादव को वर्ष 2022 में गिरफ्तार कर हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने जेल भेज दिया था। मामले की तहकीकात में जब बहुत बड़ी जालसाजी दिखी तो केस में ईडी की इंट्री हुई।

### फर्जी टेंडर निकालकर करता था वसूली

एनएसजी में अपनी पोस्टिंग के दौरान प्रवीण यादव ने फर्जी टेंडर निकाल कर खुद को फर्जी तरीके से ग्रुप कमांडर बताकर, फर्जी हस्ताक्षर कर एनएसजी के करोडों के ठेके देने के बदले रुपये ऐंठ लेता था। बीएसएफ से एनएसजी ज्वाइन करने वाला प्रवीण यादव ठेकेदारों को फर्जी आईपीएस अफसर बन कर रौब गांठता रहा।

गृह मंत्री अमित शाह करेंगे समिति की अध्यक्षता

## अंतर-राज्यीय परिषद की स्थायी समिति के अध्यक्ष होंगे शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अंतर-राज्यीय परिषद की स्थायी समिति का पुनर्गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। समिति में 12 सदस्यों को भी शामिल किया गया है। सोमवार को इस संबंध में केंद्र की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। गौरतलब है कि राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं उत्पन्न होने वाले विवादों को सुलझाने के लिए अंतर-राज्यीय ▶▶| शेष पेज 4 पर



### सीतारमण, शिवराज सहित इन्हें मिला स्थान

इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, राजीव रंजन सिंह, वीरेंद्र कुमार और सीआर पाटिल के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, असम, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को स्थायी समिति का हिस्सा बनाया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ

*पहले दिन जस्टिस पीवी संजय कुमार के साथ शुरू की न्यायिक कार्यवाही*

# आपका लेक्चर सुनने नहीं आए हैं, पहले ही दिन तमतमाए सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जस्टिस संजीव खन्ना ने देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसके बाद उन्होंने बतौर सीजेआई अपने कार्यकाल के पहले दिन जस्टिस पीवी संजय कुमार के साथ न्यायिक कार्यवाही शुरू की। पहले ही दिन जस्टिस संजीव खन्ना एक वकील द्वारा किए गए व्यवहार से तमतमा गए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रपति ने जस्टिस खन्ना को दिलाई शपथ

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में आज जस्टिस खन्ना को 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति भवन में ''ईश्वर के नाम पर'', अंग्रेजी में शपथ ली। उन्होंने जस्चिस डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लिया जो रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य लोगों व



वकीलों ने भी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना को बधाई दी।

### क्या है पूरा मामला

सुनवाई के दौरान वकील नेदुम्पारा ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट आम वकीलों के लिए भी होना चाहिए न कि यहां सिर्फ अंबानी और अडानी के मामलों का फैसला एक निश्चित और विशेष तरीके से किया जाना चाहिए। इस पर नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, लेकिन आपका मामला तो जस्टिस बेला त्रिवेदी के फैसले से संबंधित है...। इसी बीच नेदुम्पारा ने सीजेआई को टोकते हुए कहा, लेकिन गरीब एमएसएमई को किस तरह से अलग किया जा सकता है.. देश में करोड़ों एमएसएमई हैं और यहां केवल अंबानी अडानी के मामलों की ही ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मार्शल से बाहर कराया गया था नेदुम्पारा को

*बता दें कि मैथ्यूज नेदुम्पारा वही वकील हैं, जो नीट-यूजी मामले की सुनवाई के दौरान जुलाई में तत्कालीन सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से भिड़ गए थे। तब जस्टिस चंद्रचूड़ ने उन्हें अदालती कामकाज में बाधा डालने पर कोर्ट रूम से हटाने के लिए मार्शल को बुलाने का आदेश दिया था। तब नेदुम्पारा ने जस्टिस चंद्रचूड़ को चुनौती देते हुए कहा था कि वह इस अदालत में सबसे सीनियर हैं।*

## चिंतन

# जलवायु वित्त के मुद्दे पर सहमति बनाए सीओपी-29

युद्ध, हिंसक क्षेत्रीय संघर्ष, भू-राजनीतिक तनाव, तीव्र राजनीतिक परिवर्तन व ग्लोबल आर्थिक कठिनाइयों के बीच शुरू संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक जलवायु वार्ता से दुनिया को बहुत उम्मीदें हैं। यह वार्ता जलवायु खतरे के चलते पर्यावरणीय विनाश के रास्ते से दूर जाने के आह्वान के साथ शुरू हुई है। हरित विश्व के निर्माण के लिए वित्त की पूर्ति इस सम्मेलन का मुख्य मुद्दा है। अजरबैजान के बाकू में दुनिया का पहला तेल कुआं खोदा गया था। यहां पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा जलवायु पर वार्षिक वार्ता सीओपी-29 का दो सप्ताह तक सत्र चलेगा। इस दौरान केंद्र में एक नए समझौते पर पहुंचना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन को रोकने और उससे अनुकूलन के लिए सैकड़ों अरबों या यहां तक कि खरबों अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष अमीर देशों से गरीब देशों को देने का प्रावधान होगा। यह धनराशि विकासशील देशों को उनकी ऊर्जा प्रणालियों को ग्रह को गर्म करने वाले जीवाश्म ईंधनों से हटाकर स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाने, अमीर देशों से होने वाले कार्बन प्रदूषण से होने वाली जलवायु आपदाओं की भरपाई करने तथा भविष्य में चरम मौसम के अनुकूल ढलने में मदद करने के लिए होगी। फ्रांस की राजधानी पेरिस में वर्ष 2015 में हुए जलवायु समझौते के बाद से कार्बन उत्सर्जक अमीर देशों पर विकासशील देशों को वित्त पोषण करने का दबाव रहा है। हालांकि अमेरिका के रवैये के बाद से वित्त का रवैया लटका रहा है, जिस पर करीब आठ वर्ष में भी सहमति नहीं बन पाई है, वित्त का मुद्दा नहीं सुलझा है। सीओपी-29 पेरिस समझौते के लिए अहम क्षण है, जिसने 2015 में पूर्व-औद्योगिक समय से तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया था। यूरोपीय जलवायु सेवा कोपरनिकस द्वारा इस साल के शुरू में की गई भविष्यवाणी के मुताबिक 2024 में धरती 1.5 डिग्री तापमान वृद्धि की ओर अग्रसर है और यह मानव सभ्यता का सबसे गर्म वर्ष बनने जा रहा है। तूफान, सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं के रूप में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पहले से ही मौजूद हैं और यह अधिक विनाशकारी हो रहे हैं। आज हम स्वीकार करें या नहीं, जलवायु संकट हमारी दहलीज पर खड़ा है। हमें अब वादों व दस्तावेजों से आगे निकलकर जमीनी धरातल पर पृथ्वी को बचाने के लिए आना होगा। सीओपी-29 की मेजबानी कर रहे अजरबैजान ने सम्मेलन के पहले दिन सदस्य देशों से अपील की है कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने और उसके अनुकूल होने में मदद करने के वास्ते नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर सहमत होने के लिए तत्काल मतभेदों को सुलझाएं। 2009 में 100 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष मदद करने पर सहमति बनी थी। सीओपी-29 में तय किया गया नया वित्त लक्ष्य उस लक्ष्य का स्थान लेगा। अगर 11 दिनों में नया लक्ष्य तय होता है, तो यह इस सम्मेलन की उपलब्धि होगी। हालांकि यह आसान नहीं है, क्योंकि राजनीतिक और वित्तीय पहलू से वार्ता जटिल व चुनौतियों से भरी है। अमेरिका में राजनीतिक परिवर्तन के चलते वित्त पोषण का लक्ष्य और कठिन होगा। भारत का भी जोर इस सम्मेलन में जलवायु वित्त, जिम्मेदार देशों की जवाबदेही और कमजोर समुदायों के संरक्षण की तत्काल आवश्यकता के मुद्दों पर ही है। दरअसल, अंधाधुंध विकास की वर्तमान नीतियां विश्व को तीन डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की ओर ले जा रही हैं, जो अरबों लोगों के लिए विनाशकारी होगा।

## विद्यालक्ष्मी योजना

शिशिर शुक्ला



# उच्च शिक्षा में कीमती तोहफा

हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना मध्यम वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को सस्ती दरों पर उच्च शिक्षा के लिए ऋण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम है, इस योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक लाख प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, किंतु उसी प्रतिभा के लिए जब संसाधन उपलब्धता की बात आती है तो हम इस मामले में पीछे रह जाते हैं। इसकी स्पष्ट वजह यह है कि भारत में गरीबी एवं आर्थिक असमानता एक बड़े पैमाने पर व्याप्त है। हमारे यहां विद्यार्थियों का बहुत बड़ा प्रतिशत ऐसा है जो उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए जरूरी मूलभूत संसाधन जुटा पाने में पूर्णतया असमर्थ है। उच्च शिक्षा में आने वाला खर्च वहन कर पाने की अक्षमता भारत की प्रतिभा के एक बड़े हिस्से को शिक्षा का लाभ उठा पाने से वंचित कर दे रही है। नतीजा यह होता है कि वह प्रतिभा जिसमें सतत निखार की जरूरत है केवल आर्थिक कारणों की वजह से परिष्कृत होने से रह जाती है। इस समस्या का प्रत्यक्ष प्रभाव भले ही केवल विद्यार्थी के ऊपर पड़ता हो, किंतु अप्रत्यक्ष रूप से इस समस्या के ढेरों दुष्परिणाम होते हैं। तात्कालिक प्रभाव तो महज इतना ही होता है कि विद्यार्थी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम आगे नहीं बढ़ा पाता और जीवनयापन के लिए कोई दूसरी राह चुन लेता है, किंतु यदि दूरदर्शिता के साथ व्यापक एवं गहन मंथन किया जाए तो इसका कुप्रभाव विद्यार्थी के परिवार, समाज एवं समूचे देश पर पड़ता है। देश एवं समाज भी उस प्रतिभा का लाभ उठा पाने से वंचित रह जाता है। भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना मुख्यतः ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक वरदानतुल्य है जो अपने घर एवं परिवार की वित्तीय स्थिति अच्छी न होने के कारण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश ही नहीं कर पाते। खास बात यह है कि योजना का क्रियान्वयन पूर्णतया डिजिटल रूप में किया जाएगा, अर्थात ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया में विद्यार्थियों को किसी तरह की मुश्किलों का सामना किसी भी स्तर पर नहीं करना पड़ेगा। योजना हेतु वर्ष 2024-25 से 2030-31 के दौरान 3600 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। योजना में ऋण लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सब्सिडी की व्यवस्था भी की गई है। बारहवीं तक की शिक्षा को पूरा करने के बाद प्रत्येक विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में करियर एवं भविष्य को लेकर संभावनाओं, विकल्पों तथा स्वप्नों का एक ज्वार उमड़ने लगता है। यह वो पड़ाव होता है जहां पर विद्यार्थी अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए किसी उचित राह का चयन करके उस पर चलना शुरू करता है। ऐसी स्थिति में निर्धनता उस अभिशाप की भूमिका अदा करती है जो भविष्य को लेकर संजोए हुए स्वर्णिम स्वप्नों को तबाह कर देती है। प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु उपलब्ध कराया जाने वाला ऋण पूर्णतया गारंटीमुक्त एवं जमानतमुक्त होगा, लिहाजा विद्यार्थियों को ऋण लेने के विषय में विचार बनाते वक्त अधिक चिंता नहीं करनी पड़ेगी। यह ऋण विद्यार्थियों के लिए एक बहुत बड़े सहारे का काम करेगा। इसके बल पर वे पूर्णतया चिंतामुक्त होकर एवं निर्बाध रूप से अपनी उच्च शिक्षा की यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकने में समर्थ होंगे। यह एक कटुसत्य है कि भारत में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या आर्थिक संसाधनों के अभाव की वजह से उच्च शिक्षा की राह छोड़ने पर मजबूर हो जाती है। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा ही वह मार्ग है जो किसी भी विषय में नए शोधों, प्रयोगों एवं नवोन्मेषों की ओर बढ़ने के लिए एक माध्यम की तरह कार्य करता है। निस्संदेह प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना भारत की मेधा के कल्याण के लिए किसी मशाल से कम नहीं है। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत अनेक ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिनके द्वारा विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का सुअवसर मिल सकेगा, किंतु इस अवसर का लाभ विद्यार्थी तभी उठा सकेंगे जब वे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम आगे बढ़ा सकने में समर्थ हों। जब किसी भवन की नींव मजबूत होगी, तो ही वह भवन की दृढ़ता सुनिश्चित हो सकेगी। उच्च शिक्षा की शुरुआत एक ऐसी नींव है जिस पर विद्यार्थी के साथ-साथ राष्ट्र की उन्नति की इमारत खड़ी होती है। यदि हमें भारत को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाना है तो प्राथमिकता के तौर पर शिक्षा के उन्नयन की ओर गंभीरता से ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना निस्संदेह शैक्षिक विकास एवं राष्ट्रोन्नति की दिशा में बहुआयामी कदम है।

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हम हाथी के क्यों नहीं रहे साथी ?




विचार

डॉ. संजय शुक्ला

सत्तर के दशक में एक सुपर- डुपर फिल्म आई थी 'हाथी मेरे साथी' इस फिल्म में हाथी से इंसानी रिश्ते को बहुत ही खूबसूरती से फिल्माया गया था। इस फिल्म में चार हाथियों के साथ सिनेमा के नायक से रिश्ता गहरा जाता है क्योंकि उन्होंने तेंदुए से उसकी जान बचाई थी लेकिन खलनायक के हाथों रामू हाथी मारा जाता है। हाथी और मानव के बीच प्रेम और सह अस्तित्व को जाहिर करने वाली हाल ही में ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त लघु फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' का भी जिक्र यहां जरुरी है जिसमें तमिलनाडु के जंगली इलाके में रहने वाले बेहद गरीब आदिवासी वृद्ध दंपति द्वारा एक घायल व अपने कुनबे से बिछड़े हाथी शावक के पालन- पोषण करने की कहानी है। बहरहाल आज सिनेमा के इतर हाथी और आदमी के बीच के दोस्ताना रिश्ते में खटास पड़ चुकी है तथा उनके बीच संघर्ष लगातार बढ़ते जा रहा है फलस्वरूप दोनों को अपनी जान देनी पड़ रही है। बीते 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर वन मंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र के टिंगीपुर इलाके में बिजली करंट लगने से एक नर हाथी शावक के मौत की खबर ने एक बार फिर से वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों तथा पर्यावरणविदों को निराश और दुखी कर दिया। इस खबर के बाद हाथी और इंसानों के बीच चल रहे जद्दोजहद की दो और खबरें आईं जिसने सरकार और वन अमले के पेशानी पर बल ला दिया। पहली खबर सूरजपुर के मुलकी पहाड़ पर बीते शनिवार को हाथियों के एक दल ने झोपड़ी में सो रहे पंडो जनजाति के दो बच्चों को रौंदकर मार डाला। दूसरी खबर मैनपुर - उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से आई है जिसमें शिकारियों द्वारा लगाए गए पोटाश बम के चपेट में आने से पांच वर्ष का हाथी शावक घायल हो गया।

अलबत्ता यह पहली घटना नहीं है जब छत्तीसगढ़ में किसी हाथी की मौत बिजली करंट, जहर या बम फटने से हुई हो, बीते महीने ही रायगढ़ वन मंडल में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुहकीमार जंगल में वन विभाग की नर्सरी में करंट लगने से 3 हाथियों की मौत हो गई थी। मारे गए इन हाथियों में एक नर , एक युवा तथा एक शावक था। बिजली करंट से तीन हाथियों की मौत पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सरकार और विद्युत कंपनी से जवाब तलब किया है। अलबत्ता खबरों की मानें तो छत्तीसगढ़ में बीते बीस सालों में बिजली की करंट से 77 हाथियों की मौत हो चुकी है। बेशक इसके लिए बिजली कंपनी की लापरवाही और उदासीनता ही जिम्मेदार है। हाथियों की मौत की खबरें सिर्फ छत्तीसगढ़ से ही नहीं आई है बल्कि मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में भी 10 हाथियों की मौत ने वन्य प्राणियों के सुरक्षा के लिए तय तमाम प्रबंधों की पोल खोल कर रख दिया है। शुरूआती जांच में हाथियों के मौत की वजह कोदो - बाजरा के साथ जहर का मिले रहना है। सरकार ने इस मामले में दो वन अफसरों को निलंबित कर दिया है तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी इस मामले पर गंभीरता दिखाई है। दरअसल पूर्वी और मध्य भारत में हाथियों का रहवास 23,500 वर्ग किलोमीटर के दायरे में है।



पश्चिम बंगाल झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ हाथियों के आवाजाही का गलियारा यानि कॉरीडोर है जहां एक राज्य से खदेड़ने पर दूसरे राज्य में आवाजाही करते रहते हैं। भारत में जंगली हाथियों के 88 गलियारे हैं लेकिन मध्य भारत के जंगलों में कोयला और खनिज उत्खनन और अतिक्रमण के कारण हाथियों के झुंड कस्बों और गांवों में घुस रहे हैं।

सरकारों के जंगलों को खत्म कर विकास करने के अदूरदर्शी नीतियों के चलते ही हाथियों का गलियारा टूट रहा है और हाथी और मानव के बीच संघर्ष बढ़ते जा रहा है। हाथी और मनुष्य के बढ़ते संघर्ष से दोनों को नुकसान हो रहा है।आलम यह है कि जंगलों के कम होने के कारण हाथियों को भोजन के संकट से जूझना पड़ रहा है फलस्वरूप उन्हें खाने की तलाश में जंगलों से बाहर का रुख करना पड़ रहा है जिसकी वजह से जहां घर - बार और फसलों को नुकसान हो रहा है वहीं इस संघर्ष में लोगों की जान भी जा रही है। केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री ने लोकसभा में बताया है कि बीते पांच सालों के दौरान देश में लगभग 528 हाथियों की मौत अप्राकृतिक कारणों से हुई है।ओडिशा में बीते एक साल के दौरान 50 हाथियों की अस्वभाविक मौत हुई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल 'एनजीटी' ने 2015 से 2023 के बीच 845 हाथियों की मौत पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जवाब-तलब किया था लेकिन नतीजा सिफर ही है।दरअसल हाथियों की अस्वभाविक मौत की प्रमुख वजह बेशकीमती हाथी दांत के लिए अवैध शिकार, जहर सेवन, बिजली करंट और रेल दुर्घटना रही है। गजराजों की ऐसी मौतें मुख्यतौर पर तमिलनाडु, कर्नाटक, पांडिचेरी ,केरल, मेघालय ,असम, ओडिशा, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हुई है।दूसरी ओर लोकसभा में दी गई जानकारी मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान हाथियों के कुचलने की वजह से देश में कुल 2,853 लोगों की मौत हुई है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में हाथियों के कुचलने से साल 2019 से अब तक 204 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 97 लोग घायल हुए हैं।

विचारणीय है कि हाथियों के अस्वभाविक मौत के लिए बिजली करंट और रेल दुर्घटना प्रमुख वजह है जिस पर नियंत्रण हेतु तमाम गाइडलाइंस लागू किए गए हैं। हाथी विचरण क्षेत्र में ट्रेनों के आवाजाही के दौरान गति धीमी करने और इन इलाकों में इंसुलेटेड केबल या अंडरग्राउंड लाइन बिछाने का दिशानिर्देश है। आश्चर्यजनक रूप से इन तमाम उपायों के बावजूद हाथियों का समुचित संरक्षण नहीं हो पा रहा है। 'द क्रिटिकल नीड ऑफ एलिफेंट इंडिया' के रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में 50 हजार हाथी बचे हैं जिसमें साठ फीसदी भारत में है। हाथी वन्य प्राणियों की सुरक्षा और वन्यीकरण के लिए बहुत जरूरी है। हाथी मूलरूप से शाकाहारी होते हैं जिनका आहार जंगलों के वनस्पतियां, पत्तियां, छाल और घास- फूस हैं। हाथी- मानव संघर्ष के पीछे मुख्य वजह जंगलों की लगातार कटाई, कोयला खनन परियोजनाएं, अतिक्रमण तथा मानव आबादी का जंगलों में बढ़ता घुसपैठ, आग, सूखा,जलवायु परिवर्तन, जलस्त्रोतों का खत्म होना है जिसके कारण हाथी जंगल से आबादी इलाकों की ओर पलायन के लिए मजबूर हैं। गुस्सैल हाथियों के पैरों तले इंसानों के कुचलने और घरों को क्षति पहुंचाने के पीछे वजह इंसानों की लापरवाही, हाथियों को खदेड़ने आग लगाने और पटाखे फोड़ने जैसे कारण जिम्मेदार हैं। वहीं अवैध शिकार, हाई-वोल्टेज बिजली तारों के करंट व जहर इत्यादि से हाथियों की अस्वभाविक मौत हो रही है। अलबत्ता मनुष्य के हाथों केवल गजराज ही नहीं मारे जा रहे हैं बल्कि बाघ, भालू, बारहसिंगा, हिरण सहित अन्य वन्य पशुओं का शिकार हो रहा है। हाल ही में बैकुंठपुर कोरिया जिले में गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व में जहर खिलाकर एक बाघ को मारे जाने का मामला सामने आया है। अलबत्ता जंगलों में वन्यजीवों की घटती संख्या का असर परिस्थितिकी तंत्र पर पड़ना लाजिमी है। क्या हम ऐसे जंगलों की कल्पना कर सकते हैं जहां बाघ न हो?हाथी न हो? भालू और चीतल न हो? आखिरकार वन्य प्राणी ही जंगल का जीवन है और उससे ही पर्यटन उद्योग निर्भर है।

बिलाशक मनुष्य का सह-अस्तित्व हाथियों के साथ है लेकिन इसके लिए दोनों की अपनी सीमाएं तय करनी होगी। हाथी जंगल की हद पार न करें इसके लिए सरकार और समाज को उनके रहवास पर दखलंदाजी बंद करनी होगी। सरकारों को अपने विकास योजनाओं लागू करने से पहले जंगलों और जानवरों को विमर्श में लाना होगा ताकि वन क्षेत्रों का दायरा बढ़ सके। जंगलों या हाथी विचरण क्षेत्र से गुजरने वाले ट्रेनों की रफ्तार को नियंत्रित करते हुए बिजली लाइनों को निर्धारित ऊंचाइयों में कसना होगा ताकि हाथी ट्रेन और करंट की चपेट में न आ पाएं। जंगलों में हाथियों के अवैध शिकार पर प्रभावी रोकथाम के लिए वन बलों के अंतर्राज्यीय टास्कफोर्स गठित करने और संचार व सुरक्षा माध्यमों को चाक-चौबंद करने की जरूरत है। वन अमले में एलीफेंट ट्रैकर्स की नियुक्ति के साथ ही जंगलों में जलस्त्रोतों की उपलब्धता बढ़ानी होगी।

इसके अलावा नागरिकों के जानमाल की सुरक्षा के लिए भी प्रबंध करने की जरूरत है इसके लिए आमलोगों को हाथियों के स्वभाव के प्रति जागरूक होना होगा। एक अध्ययन में यह पता चला है कि मधुमक्खी के छत्ते की बाड़ से मानव - हाथी संघर्ष को कम किया जा सकता है। शोध के अनुसार हाथी जीवित मधुमक्खियों की आवाज से दूर भागते हैं लिहाजा फसलों और गांवों की सुरक्षा के लिए मधुमक्खी पालन एक कारगर उपाय हो सकता है इससे लोगों को अतिरिक्त रोजगार भी प्राप्त होगा। इसके अलावा आतिशबाजी , टार्च की रोशनी, आग जलाने, मिर्च पाउडर युक्त धुआं और पीपा या बर्तनों की आवाज करने जैसे उपायों से हाथियों के झुंड को वापस खदेड़ा जा सकता है लेकिन इस दौरान लोगों को सतर्क रहने की भी जरूरत है ताकि हाथी और मानव का रिश्ता दोस्ताना रहे।

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?




संकलित

प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसके बाद सेठ अमीरचंद ने कभी भी ईर्ष्या नहीं की, क्रोध का भी त्याग कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान से शांति कैसे?

10 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात शांति और विकास के कामों में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इनसान की जिंदगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत सी भौतिकतावादी वस्तुएं, जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान ने जो घातक हथियार बनाए हैं, वे प्राणी जाति के लिए निश्चित ही शांति नहीं ला सकते। *- पवन देवांगन, कुम्हारी*

## ट्रेंड

### आने वाले समय में चुनौती



जैन धर्म के मूल्य वैश्विक आवश्यकता है। जैन विश्व भारती संस्थान विकसित भारत के ध्येय को लेकर चलने वाला शैक्षणिक संस्थान है। 2047 के लक्ष्यों को हम पूरा कर के ही रहेंगे, लेकिन आने वाले समय में चुनौती यह है कि 'विज्ञान मनुष्य को चलाएगा या मनुष्य विज्ञान का नियंत्रक होगा?'

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### वे हार जाएंगे



जो लोग जीवाश्म ईंधन युग के अपरिहार्य अंत में देरी करने और उसे नकारने के लिए बेताब हैं, वे स्वच्छ ऊर्जा को एक गंदा शब्द बनाना चाहते हैं। वे हार जाएंगे अर्थशास्त्र उनके ख़िलाफ़ है। समाधान कभी सस्ते या अधिक सुलभ नहीं रहे हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### होमस्टे का दौरा किया



मैंने हाल ही में युवा महिला द्वारा संचालित होमस्टे का दौरा किया। उन्होंने लोगों के आने और वायनाड की सुंदरता का आनंद लेने के लिए अद्भुत स्थल बनाया है। पिछले दिनों भूस्खलन के बाद पर्यटन में गिरावट से उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### आपके लिए खुशी क्या है?




दोस्तों संग हंसना, बारिश के दिन एक कप चाय, किसी लक्ष्य तक पहुंचना, फूलों की खुशबू, नई जगहों की खोज करना, किसी प्रियजन का हार्दिक आलिंगन स्वतंत्र रूप से नृत्य करना, सूर्योदय देखना, कुछ नया सीखना। आपके लिए खुशी क्या है?

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चीन ने प्रोटोटाइप परमाणु रिएक्टर का किया निर्माण

चीन ने एक बड़े युद्धपोत के लिए 'प्रोटोटाइप' परमाणु संयंत्र का निर्माण किया है। उपग्रह से ली गईं तस्वीरों और चीनी सरकार के दस्तावेजों के एक नए विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है। यह एक स्पष्ट संकेत है कि चीन अपना पहला परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन की नौसेना पहले से ही संख्याबल के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, और यह तेजी से आधुनिक हो रही है। वाशिंगटन डीसी में स्थित 'कार्नेगी एंडोवमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस' के सीनियर फेलो टोंग झाओ ने कहा, परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत के दम पर चीन नौसेना की शक्तियों के मामले में प्रथम श्रेणी के देशों में शुमार हो जाएगी, जिसमें फिलहाल अमेरिका और फ्रांस मौजूद हैं। कैलिफोर्निया में स्थित 'मिडलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत के लेशान शहर के निकट एक पर्वतीय स्थल की पड़ताल करते समय इस निष्कर्ष पर पहुंचे। उन्हें संदेह था कि चीन हथियारों के लिए प्लूटोनियम या ट्रिटियम का उत्पादन करने के सिलसिले में एक रिएक्टर का निर्माण कर रहा है।



## ऑफ बीट

# कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?

कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपड़े धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
TIME TO LEVEL UP
INTRODUCING
URBANO
EDITION
BREZZA
BREZZA
STARTING AT
₹ 8 59 000*
HOT AND TECHY
BREZZA
THE CITY-BRED SUV
Phone
Music
Maps
Messages
Now Playing
AV
Podcasts
Audiobooks
Multimedia Pioneer (17.6 cm) Full HD
Rear Skid Plate
BREZZA
Front Skid Plate
Fog Lamp Garnish
Body Side Moulding
Wheel Arch Kit
BREZZA
E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047.
BASNA: 6262620031.
ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005.
BAGBAHRA : 7909800034.
KURUD: 7909800050.
SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33.
KAWARDHA :7222910044.
BEMETERA: 7222910025.
BALOD: 7222910012.
DALLIRAJHARA: 7222910029
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH: 8839811678.
*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.

## जैकेट के शेष

### अब भोजनालय भी...

का लाइसेंस दिया जाता था, जहां लोगों के रुकने का भी इंतजाम होता था, लेकिन अब ऐसे होटल जहां केवल भोजन की व्यवस्था होती है, वहां भी ग्राहकों को शराब पिलाने का लाइसेंस दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य सरकार ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर भी शराब पिलाने और बेचने का लाइसेंस देने की तैयारी की है।

### झारखंड के साथ...

हुए कहा कि वे निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि वे मतदान के लिए मतदाता पर्ची जरूर लेकर जाएं।

**झारखंड में ये दिग्गज मैदान में** : बता दें कि झारखंड विधानसभा के पहले चरण की सीटों में 6 एससी और 20 एसटी के लिए सुरक्षित हैं। सामान्य सीटों की संख्या 17 हैं। इन सीटों पर मतदाता पूर्व सीएम चंपाई सोरेन और झारखंड की मौजूदा सरकार के छह कैबिनेट मंत्रियों डॉ. रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरूआ एवं बैद्यनाथ राम के अलावा कुल 683 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे।

**राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव** : राजस्थान में सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए प्रचार सोमवार शाम थम गया। इस दौरान सभी सीटों पर सुबह से लेकर शाम तक नेताओं की रैलियां व जनसंपर्क का सिलसिला चलता रहा।

**मप्र में भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर** : मध्य प्रदेश की विजयपुर और बुधनी विधानसभा में सोमवार शाम को प्रचार का शोर थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों व निर्दलीयों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

**बिहार में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार** : बिहार में चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव में इस बार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज के आ जाने से मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है।

**इस कारण हो रहे मप्र में चुनाव** : मध्य प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। विजयपुर में भाजपा के वनमंत्री रामनिवास रावत का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से है। वहीं, बुधनी में भाजपा के रमाकांत भार्गव का सामना कांग्रेस के राजकुमार पटेल से हो रहा है।

**राजस्थान में इनकी किस्मत दांव पर** : राजस्थान के झुंझुनूं- राजेंद्र भांबू (बीजेपी)- अमित ओला (कांग्रेस)- राजेंद्र गुढ़ा (निर्दलीय)। खींवसर- रेवंत राम (बीजेपी)- रतन चौधरी (कांग्रेस)- कनिका बेनीवाल (आरएलपी)। चौरासी- कारीलाल ननोमा (बीजेपी)- महेश रोत (कांग्रेस)- अनिल कटारा (बीएप)।

### साय के रोड...

भाजपा ने बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश के मंत्री, विधायक और भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजयुमो और महिला मोर्चा ने बाइक रैली भी निकाली। रोड शो में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ पहले वाहन में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी साथ रहे। इसी के साथ रोड शो में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, ईश्वर साहू, ललित चंद्राकर, सुशांत शुक्ला, गजेन्द्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

**भाजपा जनता के लिए काम करती है : साय** : रोड शो में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भाजपा का कार्यकर्ता जन सेवा को प्रभु सेवा मानकर जनता के लिए कार्य करती है। भाजपा ने रायपुर दक्षिण से आपके लाडले सुनील सोनी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सुनील सोनी ने रायपुर के विकास के लिए पार्षद से लेकर सांसद तक विभिन्न कार्य किए है। रायपुर दक्षिण को हमेशा जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिलता रहा है और इस बार आप सभी सुनील सोनी को विधायक बनाकर रायपुर शहर के विकास के लिए अपना आशीर्वाद दें। आपका वोट भाजपा सरकार के कार्यों पर आपकी मुहर होगी।

**जगह-जगह स्वागत** : रोड शो मालवीय रोड, सदर बाजार, कंकाली पारा, पुरानी बस्ती, सुंदर नगर, रिंग रोड, दंतेश्वरी मंदिर, पुरानी बस्ती, पंकज गार्डन, लाखे नगर चौक बुढ़ापारा, टिकरापारा, हरदेव लाला मंदिर, पुलिस लाइन के पीछे कालीबाड़ी चौक होते हुए नेताजी चौक में संपन्न हुआ। रोड शो रायपुर दक्षिण के चारों मंडल सदर बाजार मंडल, पुरानी बस्ती मंडल, सिविल लाईन मंडल और लाखे नगर मंडल में जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया। रोड शो का जगह-जगह मंच बनाकर स्वागत किया गया, तो कहीं पर महिलाओं द्वारा आरती उतारकर, तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नंदी चौक में क्रेन से पुष्पवर्षा का रोड शो का भव्य स्वागत किया गया। मालवीय रोड पर सिंधी समाज, बोहरा समाज, मुस्लिम समाज व मालवीय रोड व्यापारी संघ ने पुष्पवर्षा का रोड शो का स्वागत किया। दंतेश्वरी चौक पर ब्राम्हण बटुको द्वारा शंख ध्वनि कर रोड शो का स्वागत किया। रोड शो के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग सेल्फी लेते दिखे। विभिन्न स्थानों में कई सामाजिक संगठन के लोग, व्यापारिक, व्यवसायिक, महिला समूह ने मंच बनाकर रोड शो का स्वागत किया। लोग अपने-अपने घरों के दोनों ओर से निकल कर पुष्पवर्षा कर रोड शो को अपना समर्थन दिया।

### दक्षिण का प्रचार...

निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की है। विधानसभा उप-चुनाव के लिए 13 नवम्बर को सवेरे 7 से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र में 253 मुख्य मतदान केंद्र और 13 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उप-चुनाव में कुल दो लाख 71 हजार 169 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक लाख 33 हजार 800 पुरुष मतदाता, एक लाख 37 हजार 317 महिला मतदाता और 52 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। उप चुनाव में कांग्रेस-भाजपा सहित कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं।

**12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दास्तावेज मान्य** : रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप-चुनाव में मतदान के लिए वोटर मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा कंगाले ने कहा, यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है, तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमति दी गई है।

### 127 केंद्रों की लाइव...

होंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देश अनुसार एक मतदान केंद्र में अधिकतम मतदाताओं की संख्या को 1500 तक रखा गया है। 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले 13 मतदान केन्द्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाये गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के 127 मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस को लाइव वेबकास्टिंग भी कराई जावेगी।

### किडनैप कर डेढ़...

हो गई। वह इलाज कराने अपने गांव से कोंडागांव आ गई। इसकी भनक आरोपी फिरोज को लगी। वह युवती का पीछा करते हुए पहुंचा। कांच की बोतल फोड़ा और गर्दन पर टिका दिया। उसे अपने साथ चलने को कहा। इसी दौरान मोबाइल भी छीन लिया और उसके परिजनों को मैसेज कर दिया कि वह सही सलामत है। उसे एक लड़के से प्यार हो गया है। वह घर बसाने चली गई है। घर वाले उसकी चिंता ना करें। इसके बाद फोन दोबारा वापस नहीं किया। थाना प्रभारी कोंडागांव सौरम उपाध्याय ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम यूपी भी भेजी गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

**डॉक्टर्स की निगरानी में इलाज चल रहा** : मामले में गरिमा नेताम ने बताया कि मरीज 5 तारीख को आई थी। उसे उल्टी दस्त की शिकायत पर आई थी, लेकिन जांच में पता चला कि प्राइवेट पार्ट में भी चोट है। इसके बाद पीड़िता को भर्ती किया गया। डॉक्टर्स की निगरानी में इलाज चल रहा है। अभी स्थिति ठीक है।

### फैक्ट्री मालिक ने...

पुलिसकर्मी युवती के पास पहुंचे और टिकट दिखाने को कहा। युवती ने पुलिस को अपनी सारी कहानी बताई, जिसके बाद पुलिसवालों ने उसे ट्रेन में सफर करने दिया। घर पहुंचकर घर परिजन आपबीती बताई। इसके बाद उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद उसे कोंडागांव के जिला अस्पताल लाया गया। यहां इलाज चल रहा है।

हिजबुल्लाह की यूनिट 151 का मेंबर था

# इजराइल ने किया अब सीरिया में एक्शन हिजबुल्लाह कमांडर सलीम को किया ढेर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के एक कमांडर सलीम जमील अय्याश को एक हवाई हमले में मार गिराया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक सलीम सीरिया में हिजबुल्लाह के गढ़ अल-कौसैर में छुपा हुआ था। इजराइली सेना के हमले में सलीम के अलावा 8 और लोग मारे गए। ईरान के विदेश मंत्रालय ने इस हमले की आलोचना की है और इजराइल को संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकालने की मांग की है।

**अमेरिका ने रखा था उस पर 10 मिलियन डॉलर (84 करोड़ रुपए) का ईनाम**



सलीम हिजबुल्लाह की यूनिट 151

का मेंबर था। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (84 करोड़ रुपए) का ईनाम रखा था। वह लेबनान के प्रधानमंत्री रफीक हरीरी की हत्या के लिए जिम्मेदार था। हरीरी लेबनान के सबसे ज्यादा लोकप्रिय सुन्नी मुस्लिम नेता थे। वे 5 बार देश के पीएम रहे। 14 फरवरी 2005 को बेरूत में हरीरी के काफिले को 3000 किलो विस्फोटक से भरे ट्रक से टक्कर मारी गई थी। इसमें उनकी मौत हो गई थी। हमले में उनके साथ के 21 लोग और भी मारे गए थे।

### हिजबुल्लाह ने सलीम को सौंपने से किया था इंकार

नीदरलैंड के द हेग में स्थित यूनाइटेड नेशन ने हरीरी की मौत के बाद स्पेशल ट्रिब्यूनल फॉर लेबनान (एसटीएल) का गठन किया था। एसटीएल ने साल 2022 में सलीम समेत 3 लोगों को रफीकी की हत्या का जिम्मेदार माना था और सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। ट्रिब्यूनल ने कहा था कि सलीम अय्याश ने ही पीएम हरीरी की हत्या करने वाले सुसाइड दस्ते का नेतृत्व किया था। इसमें उनके साथ 2 और लोग हसन हबीब मेरही और हुसैन हसन ओनैसी भी शामिल थे। ये तीनों हत्या के बाद से ही फरार चल रहे थे। तत्कालीन हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह ने इन तीनों को ट्रिब्यूनल को सौंपने से मना कर दिया था। नसरल्लाह का कहना था कि मोसाद ने लेबनान से सीरिया की सेना को निकालने के लिए हरीरी की हत्या कराई। दरअसल, लेबनान में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद सीरिया ने देश के पूर्वी-उत्तरी इलाके पर कब्जा कर लिया था।

### हरीरी की हत्या के बाद सीरिया और लेबनान के संबंध खराब

हरीरी की हत्या के बाद सीरिया और लेबनान के संबंध और खराब हो गए। लेबनान के स्थानीय नेताओं ने सीरिया पर देश छोड़ने का दबाव बनाया। आखिर में यूनाइटेड नेशन से भी सीरिया पर प्रेशर बनाया गया, जिससे सीरिया ने अप्रैल 2005 में लेबनान से अपनी सेना वापस बुला ली, और देश का 29 साल का कब्जा समाप्त हो गया। हालांकि, बाद में हरीरी की हत्या का दोषी हिजबुल्लाह को माना गया। हिजबुल्लाह, इजराइल और लेबनान के बीच बेहतर होते रिश्ते से नाराज था। दरअसल हरीरी ने इजराइल के साथ अच्छे रिश्ते बनाए। उन्होंने इजराइल के साथ बातचीत करके दक्षिण लेबनान को दोबारा से हासिल करने में सफलता पाई थी। इस इलाके पर इजराइल ने 18 साल से कब्जा कर रखा था।

# हिंदुओं पर हमले को लेकर मुश्किल में यूनुस सरकार

## इंटरनेशनल कोर्ट पहुंचा मामला

**खास बातें**

- 800 पन्नों की की गई है शिकायत, कैबिनेट सदस्यों समेत 61 अन्य आरोपी
- यह शिकायत अवामी लीग के नेता और सिलहट के पूर्व मेयर अनवरुज्जमान चौधरी ने कराई है दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) में शिकायत दर्ज कराई गई है। उनके साथ ही इस मामले में उनकी कैबिनेट के सदस्यों समेत 61 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। यह मामला बांग्लादेश में हुए आंदोलन के दौरान हिंदू\/अल्पसंख्यक समुदायों, आवामी लीग और अन्य राजनीतिक दलों व पुलिसकर्मियों के नरसंहार को लेकर दर्ज कराया गया है। यह शिकायत अवामी लीग के नेता और सिलहट के पूर्व मेयर अनवरुज्जमान चौधरी ने दर्ज कराई है। इस शिकायत में 800 पन्नों का दस्तावेज तैयार किए गए हैं। अवामी लीग के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में अनवरुज्जमान चौधरी ने कहा, '5 से 8 अगस्त तक बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नाम पर बांग्लादेश अवामी लीग और उसके विभिन्न सहयोगियों के सभी नेता और कार्यकर्ता, बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू, ईसाई, बौद्ध और बांग्लादेश के पुलिस बल क्रूर नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के शिकार हुए हैं।'

**सभी सबूत आईसीसी को सौंप दिए गए** : आवामी लीग नेता ने कहा कि ऐसे मामलों से जुड़े सभी सबूत आईसीसी सौंप दिए गए हैं। यूनुस के अलावा इन 61 आरोपियों में यूनुस के मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और छात्र नेता शामिल हैं।



# आसाराम 30 दिन के लिए जेल से बाहर, मिली पैरोल

**जोधपुर।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की तबीयत उम्र के साथ अब नासाज रहने लगी है। ऐसे में आसाराम को इस साल अगस्त में इलाज के लिए 7 दिनों की पैरोल मिली थी। उसने महाराष्ट्र के माधोबाग आयुर्वेद अस्पताल में अपना उपचार करवाया था। बाद में उसकी पैराल 5 दिन बढ़ा दी गई थी। लेकिन लंबे समय तक उसे वहां नहीं रखा जा सकता था, इसलिए वापस जोधपुर जेल ले आया गया। इसके बाद आसाराम की ओर से राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर बेंच में एक अर्जी दाखिल करके इलाज के लिए लंबे पैरोल की मांग की गई थी। जोधपुर हाई कोर्ट ने निजी आयुर्वेद अस्पताल में उपचार कराने के लिए गत 7 नवंबर को उसकी 30 दिन की पैराल मंजूर कर दी थी। आज जोधपुर सेंट्रल जेल से पुलिस कस्टडी में आसाराम को निजी अस्पताल भेज दिया गया, जहां आयुर्वेद पद्धति से 30 दिन तक उसका उपचार चलेगा।

## पेज एक के शेष

### रायपुर में जोश का करीबी...

पर चाकू से हमला किया। बदमाश के साथ गुत्थमगुत्थी में तीन पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। चोटिल पुलिसकर्मी में एक पुलिसकर्मी का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। मशक्कत के बाद राजा को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। बदमाश ने जिस देशी कट्टा से फायरिंग की थी, उसके द्वारा कट्टा अमित जोश से खरीदे जाने की बात सामने आई है। पुलिस कट्टा के बारे में जानकारी जुटाने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक राजा बैझड़ उर्फ राशिद अली के मोतीनगर, बृजनगर के पास एक मकान में छिपे होने की जानकारी मिली। इस पर टिकरापारा टीआई के नेतृत्व में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मुखबिर द्वारा बताए झोपड़ीनुमा मकान में रेड करने पहुंची। मकान का दरवाजा बाहर से बंद था। इस पर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी चारदीवारी फांदकर दरवाजा के बाहर लगा ताला तोड़कर मकान के अंदर दाखिल हुई। तब राजा कमरे के एक कोने में सोता हुआ मिला।

**फरार होने के बाद भी सोशल मीडिया में सक्रिय** : पैरोल की मियाद खत्म होने के बाद फरार राजा का पुलिस के प्रति कितना खौफ था, इसका इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम घूमता रहा। पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद भी राजा के जेल में आमद दर्ज नहीं कराने की खबर प्रकाशित होने पर वह फरार हो गया। बावजूद इसके वह फरारी के बाद भी सोशल मीडिया में सक्रिय रहा।

**सात साल पहले की थी हत्या** : राजा ने 11 जुलाई 2017 को चर्चित महिला बदमाश पूजा सचदेव, उसके भाई मोनू उर्फ मोटू तथा रंजीत स्वामी के साथ मिलकर कोतवाली थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर बदमाश संतोष दुबे की चाकू गोदकर हत्या की थी। हत्या की वजह पूजा के साथ राजा तथा संतोष का संबंध था। संतोष इस बात को लेकर पूजा को परेशान करता था। इसे लेकर पूजा ने इसकी शिकायत राजा तथा अपने भाई से की। इस पर राजा ने संतोष को फोन कर पूजा के घर बुलाया। इसी दौरान उनके बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इसके बाद राजा ने संतोष पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

### भनक लगते...

बदमाश ने अपने पास रखा चाकू उठा लिया। तब तक पुलिस टीम राजा को अपने घेरे में ले चुकी थी। पेट्रोलिंग पार्टी ने राजा को जैसे ही अपने घेरे में लिया, राजा अपने बचाव में चाकू लहराने लगा। पेट्रोलिंग टीम ने करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद राजा को अपने कब्जे में लिया और उसे थाना लेकर पहुंची। राजा जिस मकान में छिपा था, वह उसके किसी रिश्तेदार का बताया जा रहा है।

### जोश को दो नहीं...

है, लेकिन कितनी गोलियां लगी, इसका खुलासा नहीं किया गया है। पीएम करने वाले डॉ. कामेंद्र ठाकुर ने बताया कि मामला संवेदनशील है, इस वजह से गोलियों के संबंध में जानकारी नहीं दी जा सकती। पुलिस विभाग के अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है। इधर जयंती स्टेडियम के आसपास के सील किए गए क्षेत्र को पुलिस ने लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। बता दें कि एक दिन पहले फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. मोहन पटेल की टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में चली गोलियों को खोखे, बुलेट और अन्य सामान जब्त किए। बहरहाल इस पूरे मामले की जांच जारी है। **स्कॉर्पियो जब्त कर भिलाईनगर थाने में कराई खड़ी** : एनकाउंटर के इस मामले में पुलिस ने जिस स्कॉर्पियो सीजी-04पीवी 6178 का उपयोग किया। उसे भिलाईनगर थाने में खड़े कराया गया है। गाड़ी के ड्रायवर सीट के गेट के ग्लास में अमित जोश द्वारा चलाई गई गोली लगी थी। एक गोली पैरदान के पास धंसी मिली थी। दोनों ही जगहों पर एफएसएनएल की टीम ने परीक्षण किया है। इसके अलावा एफएसएनएल ने मौक से कई अन्य एविडेंस एकत्रित किए हैं, जिसमें आरोपी के जूते से लेकर अन्य सामान शामिल हैं। पिस्टल को पुलिस ने घटना स्थल की रात ही जब्त कर लिया था।

### अनसुलझे सवाल, ...

भिलाई कैसे पहुंचा। कहां छिपा हुआ था, पुलिस उस तक कैसे पहुंची। इस मामले में आरोपी अमित के घरवालों का क्या कहना है। आरोपी के पास पिस्टल कहां से आई, क्या पिस्टल लाइसेंस हैं। उसके साथ घटना समय कौन-कौन था, क्या वह अकेले था। पुलिस ने कैसे उसकी घेराबंदी की। अमित घोष की मृत्यु का समय पीएम में कब का है। इस तरह की कई बातों के जवाब फिलहाल आने बाकी हैं।

### अंतर-राज्यीय परिषद की...

परिषद का गठन किया जाता है। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता के साथ समिति में 12 सदस्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सरकारिया आयोग की सिफारिश के अनुरूप 28 मई, 1990 को राष्ट्रपति के आदेश के जरिये अंतर-राज्यीय परिषद का गठन किया गया था। यह एक स्थायी निकाय है। सरकारिया आयोग ने यह भी सिफारिश की थी कि अनुच्छेद 263 के तहत अंतर-सरकारी परिषद का गठन किया जाना चाहिए। **क्या है अंतर-राज्यीय परिषद?** : बता दें कि अंतर-राज्यीय परिषद में केंद्र-राज्य संबंधों से जुड़े जिन मामलों पर विचार किया जाता है, स्थायी समिति उन सब पर विचार करती है। परिषद की सिफारिशों को लागू करने की प्रक्रिया पर भी इसकी नजर रहती है। इसके अलावा परिषद या इसके अध्यक्ष की ओर से भेजे गए मामलों पर भी यह विचार करती है।

### आपका लेक्चर सुनने नहीं...

और साफ-साफ कहा कि हम आपका लेक्चर सुनने नहीं आए हैं। दरअसल सीजेआई जस्टिस खन्ना अपनी अगुवाई वाली पीठ में जस्टिस पीवी संजय कुमार के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और ऋण वसूली न्यायाधिकरण से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस मामले की पैरवी वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा कर रहे थे। गौरतलब है कि अगस्त में जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस आर हादेवन की पीठ ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के ऋण खातों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत करने पर फैसला सुनाया था और बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला पलट दिया था। इस पर नेदुम्पारा का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट में बड़े औद्योगिक घरानों के मामलों की सुनवाई त्वरित और विशेष रूप से हो जाती है, जबकि उसी तरह के मामलों में फंसे छोटे एमएसएमई की सुनवाई लटकी रहती है।

### क्या है पूरा...

सुनवाई हो पा रही हैं। नेदुम्पारा की इस दलील पर सीजेआई खन्ना भड़क उठे। उन्होंने वरिष्ठ वकील नेदुम्पारा को फटकार लगाते हुए कहा, हम यहां आपका लेक्चर सुनने के लिए नहीं आए हैं। दिक्कत है तो कृपया डीआरटी में जाएं।

## राशिफल

**मेष** – कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** – व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


## गुमशुदा



साधुराम ध्रुव

नाम-साधुराम उर्फ लालतु ध्रुव ग्राम सांकरा (अमलेश्वर) दुर्ग से सोनकर कृषि फॉर्म सांकरा से दिनांक 07/11/2024 दिन गुरुवार से लापता है।

संपर्क करें
गोपी ठाकुर (ध्रुव)
सोनकर बाड़ी सांकरा, अमलेश्वर दुर्ग,
मो. 9770021732, 8462805379
रामचरण (भाईलाल) सोनकर
तिरंगा चौक कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास रायपुर (छ.ग.)
मो. 98271-13577

**पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**(दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय)**

क्रं/प.चि.म.बी./2024/384(बी) दिनांकः 06/11/2024

**वॉक इन इंटरव्यू**

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, बिलासपुर (दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय) में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में Teaching Associates पदों पर नियुक्ति हेतु walk in interview दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को आयोजित है। विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेब साईट dsvckvdurg.ac.in का अवलोकन करने का कष्ट करें।

अधिष्ठाता

**कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/2759/लो.नि.वि./न.पं. / 2024-25 सहसपुर लोहारा, दि. 11/11/24

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**
(1st Call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 161013 | वार्ड क्र.09 स्थित तालाब सौन्दर्गीकरण कार्य | 199.64 | 02.12.2024 (5:30PM) |
| 2 | 160998 | वार्ड क्र.11 स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य | 31.97 | 29.11.2024 (5:30PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञापन, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, सहसपुर लोहारा

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**
**Caveat No..... /2024**
**(W.P.(C)/W.P.(PIL) No. ...........2024**

**CAVEATOR/ EXPECTED RESPONDENT:** National Mineral Development Corporation Limited, Slurry Pipeline Unit, Bailadila Bhawan, Geedam Road, Jagdalpur, district Bastar, CG, through Authorized Signatory having registered office at Masab Tank, Castle Hills, Khanij Bhawan, Hyderabad, Telangana

**VERSUS**

**EXPECTED PETITIONER :** Any Member of General Public

**CAVEAT UNDER SECTION 148 "A" OF CIVIL PROCEDURE CODE READ WITH RULE 142 OF THE CG HIGH COURT RULES**

Following is respectfully submitted on behalf of the Caveator/Expected Respondent -

That the Caveator is a Government of India Public Enterprise and it has initiated the process of laying Slurry Pipeline for transporting the iron ore fines after its conversion to iron ore concentrate in Slurry form, from Bailadila district Dantewada, CG to Nagarnar district Bastar, CG and the 15 MTPA Slurry Pipeline system (138.75 km) between Bailadila and Nagarnar will consist of 10 MTPA Ore processing plant at Bailadila and Nagarnar and other associated facilities. The proposed Slurry Pipeline will be laid in an area stretching to a total of 61 villages in two districts of Chhattisgarh i.e. Bastar & Dantewada for which Govt. of India has issued a Gazette notification dated 05.01.2018 under the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962 & notices have been served to affected land owners for obtaining land for Right of Use /Right of Way (RoU/RoW). That in compliance of the section 4 & 5 of the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962, the Central Government has issued Section 6(1) notification on 04-12-2020 declaring the acquisition of right of use for the purposes of laying down the slurry pipe lines by the Caveator. A copy of notification dated 04-12-2020 is filed hereto as **ANNEXURE-C/1.**


In view of the above, let the Caveator kindly be heard before granting any interim relief in any such Writ Petition filed by the any member of General Public challenging the aforesaid laying down of slurry pipeline and the notification dated 04-12-2020 before this Hon'ble Court, in the interest of justice.

A copy/edition of the Newspaper "Haribhumi" dated 12/11/2024 (Raipur Edition) having circulation in Bastar and Dantewada district bearing the proof of the publication of this Caveat for public notice is annexed herewith as **Annexure C/2.**

BILASPUR
DATED: 12.11.2024

**(MAHENDRA DUBEY)**
**COUNSEL FOR CAVEATOR**


## शब्द पहेली - 5688



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5687 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल 5701

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5700 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी की मेजबानी में हुई 'पहले अंतरिक्ष अभ्यास' की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

घरेलू व वैश्विक युद्धक्षेत्र के तीन प्राकृतिक आयामों जैसे जल, थल और नभ से परे अंतरिक्ष में मौजूद सामरिक व संचार उपग्रहों पर बढ़ते दुश्मन के हमलों के खतरों के बीच सोमवार से नई दिल्ली में अपनी तरह के पहले अनोखे तीन दिवसीय 'अंतरिक्ष अभ्यास-24' की शुरुआत हुई। इस महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के तहत आने वाली रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास 11 से 13



नवंबर 2024 तक चलेगा। इसके जरिए अंतरिक्ष में मौजूद राष्ट्रीय सामरिक लक्ष्यों को सुरक्षित करने और सैन्य अभियानों के दौरान भारत की अंतरिक्ष क्षमता के एकीकरण में मदद मिल सकती है। अभ्यास में देश की तीनों सशस्त्र सेनाओं के अलावा स्पेस एजेंसी, आईडीएस, साइबर एजेंसी, सामरिक बल कमांड, रक्षा खुफिया एजेंसी के कर्मी शामिल हुए। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रतिनिधि भी अभ्यास में शामिल होंगे।

### चुनौतियों से पार पाने में सक्षम भारत : सीडीएस

अभ्यास के दौरान दिए अपने संबोधन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम है। इसके लिए वह बेहतरीन जगह पर भी स्थित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंतरिक्ष को अंतिम युद्धक्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। यह भारत के रक्षा और सुरक्षा परिदृश्य का एक बड़ा जटिल चालक है। अंतरिक्ष दोहन की समृद्ध विरासत और बढ़ती सैन्य क्षमता के साथ भारत उस बेहद अनुकूल स्थान पर बना हुआ है। जहां से वह अंतरिक्ष से जुड़ी चुनौतियों का मुकाबला कर सकता है। उन्होंने अंतरिक्ष में तेजी से बढ़ती भीड़ भाड़ के साथ इसके विवादित, प्रतिस्पर्धी और व्यापारिक होने का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं सैन्य नेतृत्व से खासा प्रभावित हुआ हूं कि वह अंतरिक्ष में देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए लगातार नवाचार और जटिल तकनीक, स्टेट ऑफ द आर्ट सिस्टम को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और अकादमिक जगत भी योगदान दे रहा है।

### भागीदारों के बीच बढ़ेगी समझ

जनरल चौहान के मुताबिक, इस अभ्यास का लक्ष्य अंतरिक्ष में मौजूद संपत्तियों और सेवाओं को लेकर उन पर बनी हुई निर्भरता के मामले में विभिन्न भागीदारों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना है। अंतरिक्ष से जुड़ी सेवाओं में व्यवधान के दौरान विभिन्न अभियानों से जुड़ी जटिलताओं को भी इस अभ्यास के जरिए पहचाना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भारत-रूस का व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** यूक्रेन के साथ करीब ढाई साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच सोमवार को मुंबई में भारत-रूस व्यापार मंच के एक पूर्ण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ शामिल हुए। विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में 66 बिलियन डॉलर के आंकड़े पर मौजूद भारत और रूस का व्यापार वर्ष 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा।



### सिद्धारमैया ने शराब मामले पर मोदी को दिया चैलेंज

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के शराब वाले आरोप पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने पलटवार किया है। सिद्धारमैया ने चुनौती दी है कि प्रधानमंत्री अगर उन पर आरोप साबित कर दें तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। कांग्रेस के आगामी महाधिवेशन में बोलते हुए सिद्धारमैया ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी कि अगर आरोप साबित नहीं हो सके तो आपको राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए।



### वडोदरा की रिफाइनरी में जोरदार धमाका, एक की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ। वडोदरा की कोयली रिफाइनरी में एक जोरदार धमाके की खबर है। एक कर्मचारी की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, आईओसीएल रिफाइनरी के स्टोरेज टैंक में यह धमाका हुआ है। इस धमाके के बाद रिफाइनरी में भीषण आग लगी है। चारों ओर धुएं का गुबार देखा जा सकता है। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। धुएं का गुबार कई किलोमीटर तक दिखाई दे रहा है।

### मोदी ने नमो एप से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम को किया संबोधित

# झारखंड की जनता इस बार बदलाव चाह रही परिवारवादी पार्टियां 'विकास की राह' में बाधक

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली/ रांची

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी पार्टियों कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधा और उन पर अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप भी लगाया। झारखंड में भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम को नमो एप के माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इस टिप्पणी के लिए भी आलोचना की कि उनकी पार्टी ने लोगों को "झूठी गारंटी" दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड वन व खनिज संपदा से भरपूर होने बावजूद यहां विकास का आभाव और बेरोजगारी चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार व झारखंड की अमूल्य प्राकृतिक संपदा को बेतहाशा लूटा है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने स्वयं ही स्वीकार किया कि उनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी हैं।

**सोरेन सरकार ने अमूल्य प्राकृतिक संपदा को बेतहाशा लूटा**

पीएम ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर साधा **निशाना**



### जेएमएम, कांग्रेस व आरजेडी ने रोटी बेटी और माटी को भी नहीं छोड़ा

पीएम ने कहा कि झारखंड इस बार चुनावों में बदलाव करने को संकल्पित है, इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि जेएमएम, कांग्रेस व आरजेडी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। पिछले पांच साल इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कीं लेकिन आज झारखंड की जनता देख रही है कि इनके ज्यादातर वादे झूठे हैं। राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद केंद्र सरकार अपने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ राज्य के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

### टोलियां बनाकर लोगों को योजनाओं के बारे में बताएं

पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड के लोग भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर जागरूक हैं, खासकर गोगो दीदी योजना और युवा साथी भत्ता जैसी योजनाओं के बारे में। इन योजनाओं के तहत हर महीने 2000 रुपए दिए जाएंगे और इसका संदेश हर घर तक पहुंच रहा है। मोदी ने कहा कि झारखंड के चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र की चर्चा राष्ट्रीय मीडिया में हो रही है।

### वायनाड में राहुल और प्रियंका ने निकाली रैली

## पहले हैरानी, लेकिन राजनीति में 'प्यार' का मतलब समझा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायनाड में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार किया और बताया कि कैसे 'प्यार' की अवधारणा को अपनाने से उनकी राजनीतिक यात्रा बदल गई है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पदयात्रा का मकसद 'राजनीतिक' था, लेकिन आखिर तक उन्हें राजनीति में 'प्रेम' का मतलब समझ में आ गया था। राहुल के रायबरेली को बतौर सांसद चुन लेने के बाद उपचुनाव में प्रियंकाको कांग्रेस ने मैदान में उतारा है।

# राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। इसी बीच, बीजेपी ने महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जनसभा में झूठ बोलने और बीजेपी पर बेबुनियाद आरोप लगाकर बदनाम करने की शिकायत निर्वाचन आयोग से की है। बीजेपी ने आरोप लगाया कि चुनावी रैलियों में राहुल गांधी बीजेपी पर बेबुनियाद आरोप लगाते रहे हैं। वह बार-बार संविधान खत्म करने को लेकर बीजेपी पर हमलावर हैं जो बिलकुल आधारहीन है। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि बीजेपी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से मिलकर उनको बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 6 नवम्बर को महाराष्ट्र चुनाव के दौरान एक बार फिर झूठ बोला। उन्होंने राज्यों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास किया। उन्होंने संविधान की धज्जियां उड़ाईं. उन्होंने झूठे और आधारहीन आरोप लगाते हुए बोला कि बीजेपी संविधान को नष्ट करने वाली है। उनका ये कथन झूठ है।



### महाराष्ट्र कांग्रेस ने 7 और बागी उम्मीदवारों को किया सस्पेंड

महाराष्ट्र में चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। सभी पार्टियां जीत को अपने पक्ष में करने के लिए चुनावी समर में कूद पड़े है। सीट को लेकर कुर्सी दौड़ मची हुई है। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस ने पार्टी के खिलाफ जाने वाले उम्मीदवारों पर सख्त एक्शन लिया है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पार्टी से बगावत करने वाले 7 और बागी उम्मीदवारों को सस्पेंड कर दिया है। डाइनामाइट न्यूज़ संवाददाता के अनुसार नए निलंबित नेताओं में शमकांत सानेर, राजेंद्र ठाकुर, आबा बागुल, मनीष आनंद, सुरेश कुमार जेठलिया, कल्याण बोराडे और चंद्रपॉल चौकसे शामिल हैं। इससे पहले दिन में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 21 अन्य बागियों को निलंबित कर दिया। इससे राज्य के 22 निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक कुल 28 नेताओं को सस्पेंड किया जा चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दिल्ली में पूरे साल बैन हों पटाखे, सिर्फ दिवाली में ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

पटाखों को लेकर दिल्ली पुलिस पर सुप्रीम कोर्ट नाराजगी जताते हुए कई बड़े सवाल पूछे हैं। कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर बैन सिर्फ आईवॉश है। क्या किसी को प्रदूषण फैलाने का मौलिक अधिकार है? प्रतिबंध पूरे साल होना चाहिए। सिर्फ दीवाली पर नहीं। शादियों और चुनाव जीतने के दौरान पटाखे जलाए जा रहे हैं, पुलिस ने क्या कार्रवाई की है? क्या दिल्ली पुलिस यह दावा कर रही है कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू किया गया है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध था। क्या पुलिस ने बिक्री पर प्रतिबंध लगाया, आपने जो कुछ जब्त किया है, वह पटाखों का कच्चा माल हो सकता है। पटाखों पर पूरे साल बैन पर दिल्ली सरकार 25 नवंबर तक फैसला ले।



| 13 | वार्ड क्रमांक 05 मौहारपारा पानी टंकी के पास प्रीकास्ट इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक निर्माण कार्य। | 6.91 | |
| 14 | वार्ड क्रमांक 06 मस्जिद से हमजा मुर्गा दुकान तक प्रीकास्ट इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक निर्माण कार्य। | 5.52 | |
| 15 | वार्ड क्रमांक 06 मौलाना आजाद स्कूल से असगर कुरैशी के घर तक प्रीकास्ट इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक निर्माण कार्य। | 14.62 | |
| 16 | वार्ड क्रमांक 07 में रैना स्पोर्टस से हजारी होटल तक नाली निर्माण कार्य। | 2.86 | |
| 17 | वार्ड क्रमांक 07 विमोचा गली में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1.07 | |
| 18 | वार्ड क्रमांक 07 विनय होटल से जाहिर के घर तक प्रीकास्ट इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक निर्माण कार्य। | 9.78 | |
| 19 | वार्ड क्रमांक 07 हजारी चौक से रेल्वे स्टेशन तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 15.06 | |
| 20 | वार्ड क्रमांक 08 सरोवर मंदिर के पास सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.41 | |
| 21 | वार्ड क्रमांक 08 रेल्वे रेस्ट हाउस से मुक्तिधाम तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 4.02 | |
| 22 | वार्ड क्रमांक 08 बुधो दादा के घर से नयन दत्ता के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.01 | |
| 23 | वार्ड क्रमांक 09 दीपू सिंधी के घर से पारो के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1.45 | |
| 24 | वार्ड क्रमांक 11 विभिन्न स्थानों पर नाली पर स्लेब निर्माण कार्य। | 4.03 | |
| 25 | वार्ड क्रमांक 11 दादू सोनी के घर से नदी के किनारे तक रिटर्निगवॉल निर्माण कार्य। | 19.65 | |
| 26 | वार्ड क्रमांक 11 बसोर पारा में नदी किनारे रिटर्निगवॉल निर्माण कार्य। | 17.16 | |
| 27 | वार्ड क्रमांक 11 में सेटलिंग टैंक हेतु रिटेनिंगवॉल निर्माण कार्य। | 1.80 | |
| 28 | वार्ड क्रमांक 11 में पम्प हाऊस निर्माण कार्य। | 4.97 | |
| 29 | वार्ड क्रमांक 11 में भण्डार गृह निर्माण कार्य। | 10.50 | |
| 30 | वार्ड क्रमांक 11 में सुलभ कॉम्प्लेक्स से घाट तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 1.76 | |
| 31 | वार्ड क्रमांक 13 विष्णु सोनी के घर से परमार के घर तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1.93 | |
| 32 | वार्ड क्रमांक 13 रामनारायण अग्रवाल के घर से ऋषि के घर तक इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक निर्माण कार्य। | 3.07 | |
| 33 | वार्ड क्रमांक 14 आजाद मो. के घर से मो. सईद के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1.42 | |
| 34 | वार्ड क्रमांक 15 मोहम्मद सलाम के घर से नासिक के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 4.56 | |
| 35 | वार्ड क्रमांक 17 जोड़ा तालाब के पास सौन्दर्यीकरण कार्य। | 10.809 | |
| 36 | वार्ड क्रमांक 17 कोमल साहू के घर से खुशनुद के घर तक सी.सी. सडक निर्माण कार्य। | 4.61 | |
| 37 | वार्ड क्रमांक 17 गोविन्द जायसवाल के दुकान से किरण पटेल के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 9.855 | |
| 38 | वार्ड क्रमांक 19 संतोष के घर से नईम के घर तक रिटेनिंगवॉल निर्माण कार्य। | 19.76 | |
| 39 | वार्ड क्रमांक 20 श्यामा सेन के घर से नदी तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 15.17 | |
| 40 | वार्ड क्रमांक 20 मनी मोहल्ला में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 11.57 | |
| 41 | वार्ड क्रमांक 21 पुरूषोतम के घर से डे सर के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 10.965 | |
| 42 | वार्ड क्रमांक 21 स्व. रामलाल यादव के घर से संतोष के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 19.395 | |
| 43 | वार्ड क्रमांक 21 संतोष के घर से गोपाल जायसवाल के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 13.29 | |


उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

*पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।*

## खबर संक्षेप

### नॉर्टन मोटरसाइकिल्स ने शीर्ष नेतृत्व को बदला



**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर की इकाई ब्रिटिश बाइक विनिर्माता नॉर्टन मोटरसाइकिल्स ने अपने शीर्ष नेतृत्व में सोमवार को बदलाव किया। इसके साथ ही अब कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबर्ट हेंटशेल तत्काल अपने पद से हट जाएंगे और गैर-कार्यकारी निदेशक की भूमिका में आ जाएंगे।

### ओडिशा के स्टार्टअप ने शुरू की ड्रोन लॉजिस्टिक सेवा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा स्थित स्टार्टअप बॉनवी एयरो ने पूरी तरह से स्वायत्त लॉजिस्टिक ड्रोन सेवा एयर ओर्का की शुरुआत की है। इस ड्रोन सेवा का शुभारंभ उद्यम पूंजीपति टिम ड्रेपर की मौजूदगी में किया गया। सत्यव्रत सतपथी ने कहा, इस ड्रोन सेवा का उद्घाटन भारत के लॉजिस्टिक क्षेत्र और ओडिशा स्थित कंपनी के रूप में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

### गॉडफ्रे फिलिप्स का शुद्ध लाभ 23 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** सिगरेट बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 23 प्रतिशत बढ़कर 248.31 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 202.06 करोड़ रुपये रहा था। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड (जीपीआईएल) ने सोमवार को

### वेदांता की अवानस्ट्रेट इंक में निवेश करने की योजना



**नई दिल्ली।** धातु और खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड अपनी डिस्प्ले ग्लास इकाई अवानस्ट्रेट इंक में करीब 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वेदांता समूह ने भारत में डिस्प्ले सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई स्थापित करने में रुचि दिखाई है। एक बयान में कहा गया, ''वेदांता


### अरुण दुग्गल ने इक्रा बोर्ड का चेयरमैन पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को कहा कि उसके



बोर्ड के चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अरुण दुग्गल ने कार्यकाल पूरा होने के बाद अपना पद छोड़ दिया है। इक्रा ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अरुण दुग्गल और रंजना अग्रवाल की नियुक्ति का लगातार दूसरा कार्यकाल 10 नवंबर, 2024 को समाप्त हो गया। ऐसे में दुग्गल इक्रा लिमिटेड के चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक नहीं रहेंगे।

### ओरिएंट ग्रीन पावर का मुनाफा घटकर 66.46 करोड़ रुपए पर



**नई दिल्ली।** ओरिएंट ग्रीन पावर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत घटकर 66.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 75 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। ओरिएंट ग्रीन पावर ने सोमवार को बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 126.13 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 124.10 करोड़ रुपये थी।

---

मारुति की पहली 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग वाली यह कार

# मारुति डिजायर का नया संस्करण पेश, कीमत 6.79 लाख से शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने सोमवार को अपनी कॉम्पैक्ट सेडान कार डिजायर का नया संस्करण पेश किया। कंपनी ने कहा है कि घरेलू बाजार में अपनी उच्च हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए कंपनी प्रत्येक ग्राहक वर्ग की जरूरतों को पूरा करना जारी रखेगा। मारुति सुजुकी की नई डिजायर को एलएक्सआई, वीएक्सआई, जेडएक्सआई और जेडएक्सआई प्लस जैसे 4 ट्रिम में कुल 9 वेरिएंट्स में पेश किया गया है, जिनमें दो सीएनजी वेरिएंट भी हैं। इनकी एक्स शोरूम प्राइस 6.79 लाख रुपये से शुरू होकर 10.14 लाख रुपए तक है।

ये इंट्रोडक्ट्री प्राइस हैं। आप इसे 18,248 रुपए के मंथली सब्सक्रिप्शन फीस पर रेंट भी कर सकते हैं। बाकी इस कॉम्पैक्ट सेडान को सिल्वर, ग्रे, ब्लैक, ब्लू, वाइट, रेड और ब्राउन जैसे 7 आकर्षक कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इस कार की बुकिंग जारी है और डिलीवरी शुरू होने वाली है।

नई मारुति सुजुकी डिजायर बिल्कुल ही नए अवतार में आई है। हालांकि, इसके डायमेंशन में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन फ्रंट फेसिया बिल्कुल नई है। इस सेडान में स्ट्राइकिंग वाइड फ्रंट फेसिया के साथ ही एलईडी क्रिस्टल विजन हेडलैंप्स, 3डी ट्रिनिटी रियर लैंप्स, एयरो बूट लिप स्पॉयलर, डुअल टोन अलॉय व्हील समेत और भी का काफी सारी बाहरी खूबियां दिखती हैं। मारुति ने अपनी नई डिजायर सेडान को स्टाइलिश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

## पुराने मॉडल के मुकाबले काफी सारे नए फीचर्स व लुक

### अपग्रेडेड इंटीरियर और लेटेस्ट फीचर्स

ऑल न्यू मारुति सुजुकी डिजायर के इंटीरियर और फीचर्स की बात करें तो इसमें सिंपल और क्लीन डुअल टोन इंटीरियर, स्पेसियस केबिन, वाइड स्वीपिंग सेंट्रल गार्निश के साथ ही सेगमेंट में सबसे बड़ा 9 इंच का इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और ऐपल कार प्ले, वायरलेस चार्जर, ऑटोमैटिक एसी, सुजुकी कनेक्ट, इलेक्ट्रिक सनरूफ, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, सभी वेरिएंट में 6 एयरबैग्स और 15 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स हैं।




### 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग वाली पहली मारुति कार

ऑल न्यू डिजायर को ग्लोबल एनकैप से 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिल चुकी है और इसने क्रैश टेस्ट की एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन कैटिगरी में अच्छे-खासे पॉइंट्स हासिल किए हैं। इसमें इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम, हिल होल्ड असिस्ट, ईबीडी के साथ एबीएस, ब्रेक असिस्ट, 3-पॉइंट सीट बेल्ट्स और सभी सीटों के लिए सीटबेल्ट रिमाइंडर समेत अन्य खूबियां हैं।

---

दोनों ही कंपनियां सीसीआई की जांच का सामना कर रहे


# जोमैटो, स्विगी ने कहा कि वे प्रतिस्पर्धा कानून का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध

## जोमैटो का दावा वह कानून का अनुपालन करती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों के लिए सीसीआई की जांच का सामना कर रहे ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति मंच जोमैटो ने दावा किया है कि वह देश के कानूनों का अनुपालन करती है, जबकि स्विगी का कहना है कि वह स्थानीय नियमों का अनुपालन करने को प्रतिबद्ध है।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच पर दोनों कंपनियों ने मीडिया की उन खबरों को ''भ्रामक'' करार दिया जिसमें जोमैटो और स्विगी द्वारा कुछ रेस्तरां भागीदारों को कथित तरजीह देने की बात कही गई है। दोनों मंचों ने कहा कि सीसीआई ने अनुचित व्यापार प्रथाओं के मामले पर अभी तक अपना अंतिम आदेश पारित नहीं किया है। जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, सीसीआई ने चार अप्रैल 2022 को एक '' प्रथम दृष्टया '' आदेश जारी किया था, जिसमें आयोग के महानिदेशक के कार्यालय को प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के तहत संभावित उल्लंघनों की जांच करने का निर्देश दिया गया।




### रिपोर्ट नियामक को सौंप दी गई

हालांकि, सूत्रों के अनुसार, सीसीआई की जांच में पाया गया कि दोनों खाद्य आपूर्ति मंच अनुचित व्यापारिक प्रथाओं में लिप्त हैं जिसमें कुछ भागीदार रेस्तरों को कथित रूप से तरजीह देना भी शामिल है। सीसीआई ने अप्रैल 2022 में विस्तृत जांच का आदेश दिया था और जांच रिपोर्ट इस साल की शुरुआत में नियामक को सौंप दी गई थी।

### आयोग के साथ मिलकर काम जारी रहेगा

कंपनी ने कहा, पांच अप्रैल 2022 की सूचना के बाद से आयोग ने गुण-दोष के आधार पर कोई आदेश पारित नहीं किया है। जोमैटो ने सूचना में कहा, '' तदनुसार, उपर्युक्त खबर भ्रामक है। हम आयोग के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि हमारी सभी प्रथाएं प्रतिस्पर्धा अधिनियम के अनुरूप हैं और उनका भारत में प्रतिस्पर्धा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।''

### संचालन के कुछ पहलुओं की ही जांच

दूसरी ओर स्विगी ने बयान में कहा, उसके खिलाफ सीसीआई की जांच से जुड़ी मीडिया की खबर जांच प्रक्रिया और अंतिम परिणाम को भ्रमित करती हैं। बयान के अनुसार, '' सीसीआई के पांच अप्रैल 2022 के आदेश के आधार पर महानिदेशक ने हमारे व्यवसाय के संचालन के कुछ पहलुओं की जांच की। इसकी जांच तथा मार्च 2024 की रिपोर्ट सीसीआई द्वारा जारी जांच में एक प्रारंभिक कदम है, न कि अंतिम निर्णय जैसा कि कुछ खबरों में दावा किया गया है।''

### कंपनी ने कहा कोई गोपनीय विवरण नहीं मिला

कंपनी ने कहा कि महानिदेशक के निष्कर्षों पर प्रतिक्रिया दाखिल करने के लिए उसे अभी तक सीसीआई से निष्कर्षों का गोपनीय विवरण नहीं मिला है। उसने कहा, '' एक बार जब स्विगी अपना जवाब दे देगी और सीसीआई इस मामले पर सुनवाई करेगी... फिर सीसीआई इस पर अपना निर्णय पारित करेगी कि क्या कोई प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन हुआ या नहीं।

### प्रथाओं के संबंध में कोई अंतिम निर्णय जारी नहीं

वर्तमान में यह प्रारंभिक चरण में है और 2022 से स्विगी की प्रथाओं के संबंध में कोई अंतिम निर्णय या आदेश जारी नहीं किया गया है।'' स्विगी ने कहा कि वह '' जांच में पूर्ण सहयोग कर रही है और देश के मौजूदा कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

---

# सेंसेक्स व निफ्टी स्थिर रुख के साथ हुए बंद



**मुंबई।** प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सपाट बंद हुए। इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली जारी रहने, कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजों और कमजोर एशियाई बाजारों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

सेंसेक्स 9.83 अंक या 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,496.15 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में इसने 80,102.14 अंक के ऊपरी और 79,001.34 अंक के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 6.90 अंक या 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,141.30 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 3,404.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि भारतीय बाजार दबाव में हैं, जिसका मुख्य कारण विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली है।

### इन शेयरों को हुआ नुकसान

सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक आठ प्रतिशत की गिरावट एशियन पेंट्स में हुई। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी नुकसान में बंद हुए।

### पावर ग्रिड में रही तेजी

दूसरी ओर पावर ग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

---

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड 41,887 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में अक्टूबर में 41,887 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश आया है। यह मासिक आधार पर 21.7 प्रतिशत की वृद्धि है। शेयर बाजार में भारी अस्थिरता के बावजूद इसे विशेष क्षेत्रों के आधार पर निवेश करने वाले कोषों में मजबूत निवेश से बल मिला है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह शेयरों में निवेश करने



वाले कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 44वां महीना है, जो निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड के बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान अक्टूबर में बढ़कर 25,323 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि सितंबर में यह 24,509 करोड़ रुपये था। एम्फी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेंकट चलसानी ने कहा कि उद्योग की मजबूत वृद्धि का पता इस बात से चलता है कि खुदरा फोलियो की संख्या 17.23 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। इसमें एसआईपी खातों में निरंतर वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। एसआईपी खातों की संख्या अब 10.12 करोड़ से अधिक हो गई है।

### हाल के वर्षों में शेयर बाजार में तेज गिरावट रही

जोसफ ने कहा, "सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में पांच-छह प्रतिशत की गिरावट हाल के वर्षों में सबसे तेज गिराव में से एक है, जो कि हमने आखिरी बार मार्च, 2020 में देखी थी। इसके बावजूद, खुदरा निवेशकों ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है और इक्विटी म्यूचुअल फंड में 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है।"

---

# 'यूके' कोड बन जाएगा इतिहास एयर इंडिया-विस्तारा का विलय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/मुंबई




वित्त वर्ष 2006-07 में इंडियन एयरलाइंस का एयर इंडिया में और एयर सहारा का जेट एयरवेज में विलय हुआ था। इसी दौरान एयर डेक्कन का किंगफिशर एयरलाइंस में विलय हुआ। विस्तारा के विलय के बाद पूर्ण सेवा भारतीय एयरलाइन के रूप में केवल एयर इंडिया ही रह जाएगी।

करीब 10 साल पुरानी एयरलाइन विस्तारा ने आसमान को अलविदा कह दिया। इस प्रतिष्ठित पूर्ण सेवा एयरलाइन ने सोमवार देर रात एक स्वतंत्र कंपनी के रूप में अपनी आखिरी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन किया। विस्तारा की उड़ान 'यूके 986' मुंबई से दिल्ली और 'यूके 115' दिल्ली से सिंगापुर के लिए रही।

यह आखिरी बार था जब उड़ान कोड 'यूके' आसमान में दिखाई दिया और मंगलवार से विस्तारा की उड़ानों का नया कोड 'एआई2एक्सएक्सएक्स' होगा। दिलचस्प बात यह है कि जब एयरलाइन ने नौ जनवरी, 2015 को परिचालन शुरू किया था, तो पहली उड़ान दिल्ली से मुंबई के लिए संचालित हुई थी।

सोमवार को एक अधिकारी ने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर विस्तारा की आखिरी उड़ानें क्रमशः 'यूके 986' और 'यूके 115' होगी। 'यूके 986' को मुंबई से दिल्ली के लिए लगभग 10.50 बजे रवाना होना है और 'यूके 115' को दिल्ली से सिंगापुर के लिए रात लगभग 11.45 बजे रवाना होना है। विस्तारा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "इस अविस्मरणीय यात्रा का हिस्सा बनने और हमें प्यार देने के लिए आपका धन्यवाद। हम इन यादों को हमेशा संजोकर रखेंगे। अब सभी नवीनतम जानकारी के लिए एयर इंडिया को 'फॉलो' करें।" टाटा समूह और सिंगापुर के बीच संयुक्त उद्यम विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय किया जाएगा, जिसके बाद विस्तारित इकाई में सिंगापुर एयरलाइंस की हिस्सेदारी 25.1 प्रतिशत होगी। यह विलय देश के तेजी से बढ़ते नागर विमानन क्षेत्र में 2006-2007 के बाद दूसरे बड़े एकीकरण का दौर होगा।

---

# दीपावली पर मिठाइयों की ऑनलाइन बिक्री हुई दोगुनी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** देश में इस बार दीपावली के त्योहारी मौसम के दौरान मिठाइयों के ऑनलाइन ऑर्डर में बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। उद्योग जगत के एक महासंघ का अनुमान है कि दीपावली पर मिठाइयों की ऑनलाइन बिक्री दोगुनी बढ़कर करीब 5,000 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई।

फेडरेशन ऑफ स्वीट्स एंड नमकीन मैन्युफैक्चरर्स के निदेशक फिरोज एच. नकवी ने सोमवार को बताया, /"दीपावली के मौके पर लोगों द्वारा अपने रिश्तेदारों, परिचितों और सहकर्मियों के लिए तोहफे के रूप में मिठाइयों के ऑनलाइन ऑर्डर में खासी तेजी देखी गई। हमारा अनुमान है कि दीपावली पर देश में मिठाइयों की ऑनलाइन बिक्री 5,000 करोड़ रुपये के आस-पास रही।

---



# सोना 450 रुपए और चांदी 600 रुपए टूटी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 450 रुपये की गिरावट के साथ 79,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये टूटकर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 94,600 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 450 रुपये घटकर 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। शुक्रवार को यह 79,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

---

## बिजनेस साइट

# एक्सिस बैंक का प्रतिभा विकास के लिए अड्डा 247 से करार

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने कौशल निर्माण से जुड़ी पहलों के ज़रिए टैलेंट (प्रतिभा) पाइपलाइन विकसित करने के लिए अड्डा247 के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस गठजोड़ का उद्देश्य है बिक्री, संपर्क प्रबंधन और अन्य ग्राहक संपर्क वाली भूमिकाओं में एक्सिस बैंक के लिए युवाओं को उच्च-गुणवत्ता और नौकरी के लिए तैयार करना। एक्सिस बैंक और अड्डा247, इस साझेदारी के ज़रिए दक्ष बैंकरों की अगली पीढ़ी की भर्ती, पोषण और निर्माण के लिए कई पहल शुरू करेंगे। इस किस्म की पहलों के तहत युवा पेशेवरों के लिए एक्सिस बैंक में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक क्षेत्र (डोमेन) की जानकारी और कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों संस्थाओं द्वारा तैयार और उद्देश्य केंद्रित लर्निंग (सीखने) अनुभव प्रदान किया जाएगा।

---

भारत के लिए खड़ी होंगी कई नई चुनौतियां, ट्रंप की जीत से डॉलर हुआ काफी मजबूत

# अब तक के रिकॉर्ड तोड़ रसातल में पहुंचा भारतीय रुपया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में लगातार गिरावट जारी है। लगातार चौथे दिन रुपया गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 84.39 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं, फॉरेन पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय बाजार में बिकवाली और फंड आउटफ्लो की वजह से रुपए पर दबाव बना हुआ है।

इसके अलावा, आगामी अमेरिकी चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से डॉलर की मजबूती बढ़ने की आशंका है, जिससे रुपए में आगे भी गिरावट देखने को मिल सकती है। मुद्रा विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप की जीत के बाद अमेरिका में टैक्स में कटौती और नियमों में ढील से आर्थिक विकास को गति मिल सकती है।

रुपए की कमजोरी भारत के लिए कई नई समस्याएं खड़ी कर सकता है। डॉलर के मजबूत होने का सीधा असर भारत के आयात बिल पर पड़ेगा। उदाहरण के लिए, अक्टूबर में 1 डॉलर के लिए 83 रुपए चुकाने पड़ते थे, लेकिन अब 84.39 रुपए खर्च करने होंगे। भारत बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात करता है, जो डॉलर की मजबूती से और महंगा हो जाएगा, जिससे आयात खर्च बढ़ेगा और घरेलू बाजार में कई वस्तुओं के दामों पर दबाव बनेगा।



### एफपीआई डॉलर को देंगे प्राथमिकता

इसका असर डॉलर की मजबूती पर पड़ेगा, जिससे विदेशी निवेशक डॉलर में निवेश को प्राथमिकता देंगे। साथ ही, अमेरिकी टैरिफ में संभावित वृद्धि से यूरो और अन्य एशियाई मुद्राओं पर भी दबाव रहेगा, जिससे रुपए पर संकट गहराने की संभावना है।

### क्रूड ऑयल का आयात होगा महंगा

रुपए में गिरावट भारत के लिए परेशानियों के नए दरवाजे खोल सकता है। इसका सबसे बड़ा असर क्रूड ऑयल के आयात पर पड़ेगा। भारत बड़े स्तर पर कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का आयात करता है, जिसके लिए डॉलर में भुगतान किया जाता है। रुपए में गिरावट से भारत का आयात खर्च बढ़ेगा, जिसका असर पेट्रोल-डीजल के दामों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि ये ट्रांसपोर्ट फ्यूल के रूप में कच्चे माल के तौर पर उपयोग होते हैं। इसके साथ ही, रुपए की

# बुमराह करेंगे अगुवाई, रोहित की जगह राहुल कर सकते है पारी की शुरुआत

एजेंसी ⏭ मुंबई

*मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि नियमित कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो जसप्रीत बुमराह उपकप्तान होने के कारण पर्थ में पहले टेस्ट में भारत का नेतृत्व करेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने संकेत दिया कि रोहित के नहीं खेलने पर लोकेश राहुल को पारी का आगाज करने के लिए कहा जा सकता है। भारतीय टीम का दूसरा दल सोमवार को पर्थ के लिए रवाना होगा लेकिन रोहित भारत में ही रुकेंगे। अनिश्चितता बनी हुई है कि रोहित श्रृंखला के पहले मैच में खेलेंगे या नहीं।*

### अभी पुष्टि नहीं



गंभीर ने कहा, 'देखिए फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हम लोग आपको बता देंगे कि स्थिति क्या होगी। उम्मीद है कि वह उपलब्ध होंगे लेकिन आप जो भी जानना चाहते हैं वह आपको श्रृंखला शुरू होने से पहले पता चल जाएगा। बुमराह उपकप्तान हैं इसलिए जाहिर है कि वह टीम की अगुवाई करेंगे। अगर रोहित उपलब्ध नहीं हैं तो वह पर्थ में कप्तानी करेंगे।'

## मुख्य कोच गंभीर ने दी जानकारी, पहला मैच नहीं खेलेंगे रोहित

### रेड्डी का समर्थन, शार्दुल के लिए दरवाजे बंद



गंभीर ने पदार्पण का इंतजार कर रहे ऑलराउंडर नितीश रेड्डी का समर्थन किया जिनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत 21 है और उन्हें आगामी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर पर तरजीह दी गई है। गंभीर ने संकेत दिया कि फिलहाल शार्दुल के लिए दरवाजे बंद हैं। उन्होंने कहा, 'यह आगे बढ़ने के बारे में भी है और मुझे लगता है कि यह खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ समूह है जिन्हें हमने देश के लिए काम करने के लिए चुना है। हमने सबसे अच्छी टीम चुनी है जो हमारे लिए काम कर सकती है। नितीश रेड्डी, हम सभी जानते हैं कि वह कितने अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं और अगर उन्हें मौका दिया जाता है तो वह हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

### माहौल में ढलने 10 दिन पहले टीम रवाना

गंभीर सोमवार को भारतीय टीम के दूसरे समूह के साथ यात्रा किए। उन्होंने कहा, 'हमारे पास बहुत से अनुभवी खिलाड़ी हैं जो कई बार ऑस्ट्रेलिया जा चुके हैं। उनका अनुभव युवा खिलाड़ियों के लिए भी काम आएगा। ये 10 दिन बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं लेकिन 22 तारीख की सुबह हमें पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए और पहली गेंद से ही धमाकेदार शुरुआत करनी चाहिए।'

### अनुभवहीन तेज गेंदबाजों के साथ भी आक्रमण मजबूत

मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह पर तेज गेंदबाजी का भार उठाने का बहुत दबाव है लेकिन गंभीर को लगता है कि हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे तीन अनुभवहीन तेज गेंदबाजों के साथ भी आक्रमण मजबूत है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास गुणवत्ता है। हमारे पास प्रसिद्ध और हर्षित जैसे लंबे कद के खिलाड़ी हैं जो पिच पर गेंद को पटक सकते हैं। सभी पांचों खिलाड़ियों के पास अलग-अलग कौशल है। यह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण को बहुत शक्तिशाली बनाता है।'

### अभिमन्यु को भी मिल सकता है मौका



रोहित की संभावित अनुपस्थिति से बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर एक स्थान खाली हो जाएगा और गंभीर ने कहा कि पदार्पण का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन और राहुल में से एक को चुना जाएगा। ये दोनों भारत ए के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट खेले थे। गंभीर ने कहा, 'बेशक ईश्वरन है, केएल वहां है। अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट मैच के करीब आने पर फैसला करेंगे। वहां विकल्प मौजूद हैं। ऐसा नहीं है कि कोई विकल्प नहीं है। उस स्थान पर काफी विकल्प हैं। जैसे ही पहला टेस्ट मैच करीब आएगा हम सर्वश्रेष्ठ एकादश खिलाने की कोशिश करेंगे जो हमारे लिए काम कर सके।'

## खबर संक्षेप



### पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया की चिंता करें : गंभीर

**मुंबई।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म और भारतीय टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठाने वाले रिकी पोंटिंग पर पलटवार किया। गंभीर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज खिलाड़ी को केवल अपने देश की क्रिकेट को लेकर चिंता करनी चाहिए। पोंटिंग ने हाल में कहा था कि कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है। पिछले पांच वर्षों में यह भारतीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में केवल दो शतक लगा पाया है। उन्होंने इसके साथ ही कहा था कि यह स्टार बल्लेबाज वापसी करने में सक्षम है और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं हो सकती है।

### शुभंकर 32वें स्थान पर वारिंग को खिताब

**अबु धाबी।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अंतिम दौर में सात अंडर-65 का टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए



एचएसबीसी अबु धाबी चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर रहे। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम दौर में बोगी रहित 66 के स्कोर से कुल 24 अंडर पार के स्कोर से अपना पहला रोलेक्स सीरीज खिताब जीता। वारिंग ने रोलेक्स सीरीज पर चार बार के विजेता टाइरेल हेटन को दो शॉट से पछाड़ा। हेटन से एक शॉट पीछे रोरी मैकेलरॉय, मैट वॉलेस और डेन थोरबोर्न ओलेस संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

### मीडिया से दूर रखें आचरण सही नहीं

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर पर अप्रत्याशित रूप से तीखा हमला बोलते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सोमवार को



कहा कि भारतीय मुख्य कोच के पास प्रेस से बातचीत करते समय 'सही आचरण और शब्दों' का अभाव है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से उन्हें मीडिया से बात करने की जिम्मेदारियों से दूर रखने का आग्रह किया। मांजरेकर की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए प्रस्थान से पूर्व गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटों बाद आई है।

### घरेलू क्रिकेट में खेलने से वापसी में मिली मदद

**गकेबरहा।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में खेलने और मुख्य कोच गौतम गंभीर की भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें तीन साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करने में मदद मिली। इस 33 वर्ष से इस स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 17 रन देकर पांच विकेट लिए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत हालांकि यह मैच तीन विकेट से हार गया था।

**महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

**चीन ने थाईलैंड को 15-0 से दी शिकस्त**

## हॉकी : जापान ने कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला

# संगीता के दो गोल से भारत ने मलेशिया को 4-0 से रौंदा

एजेंसी ⏭ राजगीर

युवा स्ट्राइकर संगीता कुमारी के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को मलेशिया को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में 4-0 से हराया। भारत के लिए संगीता कुमारी ने आठवें और 55वें मिनट में, प्रीति दुबे ने 43वें और उदिता ने 44वें मिनट में गोल किए।

भारत को आज दक्षिण कोरिया से खेलना है। अन्य मैचों में जापान ने कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने थाईलैंड को 15-0 से हराया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी-2024 का उद्घाटन किया। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह टूर्नामेंट 20 नवंबर तक चलेगा। भारत के अलावा चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में कुल 20 मैच खेले जाएंगे।



**क्वार्टर 1**

पहले क्वार्टर में पूरी तरह से भारत का दबदबा रहा हालांकि पहला पेनल्टी कॉर्नर पांचवें मिनट में मलेशिया को मिला लेकिन उस पर गोल नहीं हो सका। इसके बाद भारत ने मलेशियाई डिफेंस को छितर बितर करके लगातार दबाव बनाया। भारत को आठवें मिनट में दो मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और संगीता ने वैरिएशन पर दूसरे प्रयास में गोल दागा।

**क्वार्टर 2**

भारत ने लगातार आक्रामक हॉकी खेलना जारी रखा लेकिन फिनिशिंग टच नहीं दे सके। भारत को दूसरे क्वार्टर में मिले चारों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। दूसरे हाफ में भारत ने दो मिनट के भीतर फिर पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिस पर फिर गोल नहीं हो सका। इस बीच मलेशिया को पलटवार में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय डिफेंस मुस्तैद था।


**क्वार्टर 3-4**

भारत ने 43वें मिनट में नवनीत कौर की फ्लिक पर प्रीति के गोल के दम पर बढ़त दोगुनी कर ली। एक मिनट बाद उदिता ने भारत के लिए तीसरा गोल किया।

**क्वार्टर-4**

आखिरी सीटी बजने से पांच मिनट पहले संगीता ने बेहतरीन फील्ड गोल दागा। डीप से पास लेकर वह दो डिफेंडरों को छकाते हुए मलेशियाई सर्कल में घुसी और दमदार रिवर्स शॉट पर गोल दाग दिया।

### मणिपुर, हरियाणा ने क्वार्टर में बनाई जगह



**चेन्नई।** मणिपुर और हरियाणा ने हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने अपने आखिरी पूल मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मणिपुर ने असम को 10-0 से हराया। पूल एच के इस मुकाबले में लैशराम दीपू सिंह ने हैट्रिक लगाई। वहीं हरियाणा ने मिजोरम को पूल बी में 8-0 से मात दी जिसमें चार गोल रोहित ने किए। पूल ए से दादरा और नगर हवेली और दमन और दीयू भी अंतिम आठ में पहुंच गए जिन्होंने छत्तीसगढ़ को 3-1 से हराया।

# अरविंद चिदंबरम ने जीता चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब



एजेंसी ⏭ चेन्नई

ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार प्रदर्शन करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीत लिया जबकि ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने। मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेआफ में हराया। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला।

अरविंद ने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता जबकि कल रात शीर्ष पर काबिज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला। आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई।

अरविंद टाइब्रेक में बेहतर स्कोर के आधार पर शीर्ष पर हैं जबकि आरोनियन और अर्जुन ने दो गेम का ब्लिट्ज प्लेआफ खेला और दोनों विजयी रहे जिससे सडन डैथ तक मुकाबला पहुंचा। आरोनियन ने अर्जुन को ड्रॉ पर रोककर फाइनल में अरविंद के खिलाफ जगह बनाई। अरविंद ने पहला मुकाबला जीता और दूसरा ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। चैलेंजर वर्ग में प्रणव को ग्रैंडमास्टर ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने ड्रॉ के साथ चैलेंजर खिताब जीता।

# एंडरसन अगर चेन्नई सुपरकिंग्स में शामिल हों तो आश्चर्य नहीं : वॉन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन इंडियन प्रीमियर लीग में अगर चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम का हिस्सा बनते हैं तो उन्हें 'आश्चर्य नहीं होगा'। यह पूर्व चैंपियन टीम ऐसे तेज गेंदबाज को पसंद करती है जिनके पास स्विंग कराने की क्षमता है। एंडरसन ने इस साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। इस 42 साल के दिग्गज ने खुद को पहली बार आईपीएल की नीलामी में शामिल किया है।

वॉन ने कहा, 'आपने जेम्स एंडरसन का जिक्र किया, मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर जिमी एंडरसन चेन्नई सुपरकिंग्स का हिस्सा बने। चेन्नई सुपरकिंग्स एक ऐसी टीम है जो शुरुआती ओवरों में स्विंग करने की क्षमता वाले गेंदबाजों को पसंद करती है। उनकी टीम में हमेशा ही एक ऐसा गेंदबाज रहा है, चाहे वह शारदुल ठाकुर हो या कोई और। मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर जिमी



एंडरसन चेन्नई की टीम में दिखे।' एंडरसन ने अपना पिछला टी20 मैच 10 साल पहले 2014 में खेला था।

## रुड ने शुरुआती मुकाबले में अल्काराज को हराया



**तुरिन।** कैस्पर रुड ने एटीपी फाइनल्स में राउंड रॉबिन चरण के अपने शुरुआती मुकाबले में इस साल दो ग्रैंड स्लैम जीतने वाले कार्लोस अल्काराज को सोमवार को यहां 6-1, 7-5 से हराकर उलटफेर किया। अल्काराज इस मुकाबले में अपने सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे और रूड ने दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मुकाबले में पहली जीत दर्ज की। इस साल फ्रेंच ओपन और विम्बलडन के विजेता अल्काराज के लिए सत्र के आखिर में आयोजित होने वाले शीर्ष आठ खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण से आगे बढ़ना मुश्किल होगा। इस ग्रुप में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आंद्रे रुबलेव भी है। अल्काराज इससे पहले पेरिस मास्टर्स में लचर प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में ज्वेरेव के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए थे।

# ऐश्वर्य, सामरा ने किया निराश रमेशभाई ने जीता रजत पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सिफ्त कौर सामरा प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, जबकि कम लोकप्रिय एस रमेशभाई मोराडिया ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता। रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। वह फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.1 अंक पीछे रहे। यह



प्रिवरात्स्की का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है। ऐश्वर्य 187.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय उमामहेश मद्दिनेनी (208.8) चौथे स्थान पर रहे। सामरा का पदक से चूकना भारत के लिए बड़ी निराशा रही। वह 50 मीटर राइफल में देश की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में शामिल है। वह 439.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तानी दौरे से भारत का इनकार

# भारत के रुख पर आईसीसी से सफाई मांगेगा पीसीबी

एजेंसी ⏭ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा क्योंकि उसे सिर्फ बताया गया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए नहीं आएगी लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल फरवरी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इसकी जानकारी दी।

पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर कराने को लेकर कोई बात नहीं हुई है।' पिछले साल एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया था जब भारत के मैच श्रीलंका में और बाकी सारे मैच पाकिस्तान में हुए थे। ऐसी अटकलें हैं कि



भारत के मैच दुबई में हो सकते हैं। सूत्र ने कहा, 'पीसीबी अपने कानूनी सलाहकारों से बात करके आईसीसी को ईमेल भेजेगा जिसमें भारत के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। पीसीबी मशविरे और जरूरत पड़ने पर निर्देशों के लिए सरकार के संपर्क में है। व्यावसायिक साझेदारों की ओर से कानूनी नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं क्योंकि आईसीसी ने प्रसारकों और प्रायोजकों से कहा है कि सभी शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश टूर्नामेंटों में भाग लेंगे।' भारतीय टीम ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंटों में ही एक दूसरे से खेलती हैं।

### मेजबानी छीनी गई तो नहीं लेंगे हिस्सा

कराची। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बीसीसीआई के भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करने के बाद अब पाकिस्तान ने गीदड़भभकी दी है। दरअसल, पाकिस्तान पर मेजबानी छीने जाने का खतरा मंडरा रहा है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अगर पाकिस्तान से टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार छीन लिए जाते हैं तो वह अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले सकता है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि मोहसिन नकवी, जो संघीय आंतरिक मंत्री भी हैं। वह सरकारी अधिकारियों के संपर्क में थे और इंतजार कर रहे थे कि प्रधान मंत्री शाहबाज शरीफ क्या निर्देश देते हैं। इसके साथ ही यह अटकलें भी हैं कि देश की सरकार पीसीबी को निर्देश दे सकती है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी से शुरू होने वाले किसी भी आईसीसी या अन्य बहु-टीम आयोजनों में भारत के खिलाफ तब तक खेलना बंद कर दे जब तक भारत सरकार अपनी नीति नहीं बदलती है।

### ओडिशा ने मोहन बागान से 1-1 से ड्रॉ खेला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट के बीच रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। मेजबान टीम के लिए हुगो बोमोस ने चौथे मिनट में गोल दागा जबकि मोहन बागान के लिए मनवीर सिंह ने 36वें मिनट में गोल किया। ओडिशा एफसी का सामना 25 नवंबर को हैदराबाद एफसी से होगा जबकि मोहन बागान सुपर जायंट की भिड़ंत 23 नवंबर जमशेदपुर एफसी से होगी।

**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
Corporate office-701, Signature Tower, Sector-30, Gurugram-122003
Site office-Khasara No 263/9, Village Kasaipalli, Katghora, Korba, CG-495446

SINDHU TRADE LINKS LIMITED is engaged in the Business of Transportation, Media, Investment, Finance, Petrol Pump operations, Power distribution and Engineering Projects and overseas Minning and Trading of Coal.

We are in process of hiring personnel who would be in position to add value and help the organization grow.

The Work location would be Dipka&Gevra, Tehsil- Katghora District-Korba, Chhattisgarh.

Following are the requirements

1-Post -Senior Manager-Operations (Loading & Transportation)
Criteria -B.Tech/B.E-Minning/MBA (Organizational Behavior) with more than 3 years of working experience.

2-Post -Legal Advisor
Criteria -LLB/LLM with arelevant experience of at least 10 years in the same field.

*Freshers need not apply

Interested candidates may send their applications/CVs to hr@sindhutrade.com by November 20th, 2024

# महाद्वीप मिल जाएंगे, सूरज उगलेगा आग...


## धरती की तबाही और इंसानों के विलुप्त होने पर नई रिसर्च में सनसनीखेज दावा

एजेंसी ⏭ लंदन

धरती पर लगातार बढ़ता हुआ तापमान बड़ी तबाही की वजह बन सकता है। एक नई रिसर्च से पता चला है कि भविष्य में अत्यधिक तापमान डायनासोर के बाद पृथ्वी पर पहली बार बड़े पैमाने पर विलुप्त होने का कारण बन सकता है। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के एलेक्जेंडर फार्न्सवर्थ के नेतृत्व में नेचर जियोसाइंस में भविष्य के सुपरकॉन्टिनेंट और दूसरे जलवायु परिवर्तनों के प्रभाव का पता लगाने के लिए रिसर्च की गई है। इसी रिसर्च में ये डराने वाले संकेत मिले हैं। रिसर्च कहती है कि पृथ्वी के महाद्वीप आखिरकार एक भूभाग (लैंडमास) में विलीन हो जाएंगे, जिसे पैंजिया अल्टिमा कहा जाता है। यह सुपरकॉन्टिनेंट पृथ्वी की जलवायु को नाटकीय रूप से बदल सकता है। इससे बहुत गर्म और शुष्क परिस्थितियां बन जाएंगी, जहां जिंदा रहना संभव नहीं होगा। ये इंसानों के खात्मे की वजह बन जाएगी।

### रिसर्च में इस्तेमाल हुआ खास मॉडल

इस रिसर्च में टीम ने सुपरकंप्यूटर जलवायु मॉडल का उपयोग किया है। इस मॉडल के जरिए टीम ने दिखाया कि कैसे यह लेआउट मनुष्यों के लिए एक खराब ग्रह बना सकता है। डॉक्टर फार्न्सवर्थ का कहना है कि नए उभरे सुपरकॉन्टिनेंट से तिहरी मार पड़ेगी। इसमें महाद्वीपीय प्रभाव, गर्म सूर्य और वायुमंडल में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड शामिल है। ये ग्रह के अधिकांश भाग में बेतहाशा गर्मी बढ़ाएगी।



### सूरज बहुत ज्यादा ऊर्जा उत्सर्जित करेगा

फार्न्सवर्थ की 'ट्रिपल व्हैमी' बताती है कि ये तीन कारक असहनीय तापमान बढ़ने की वजह बनेंगे। पहले यानी महाद्वीपीय प्रभाव की बात की जाए तो जैसे-जैसे भूमि ठंडे महासागरीय प्रभावों से दूर होती जाएगी, महाद्वीप पर तापमान बढ़ता जाएगा। दूसरे यानी चमकदार सूर्य से मतलब ये है कि सूरज बहुत ज्यादा ऊर्जा उत्सर्जित करेगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी। वहीं, बढ़ी हुई कार्बन डाइऑक्साइड की बात करें तो टेक्टोनिक शिफ्ट से ज्वालामुखी गतिविधि अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ेगी, इससे वायुमंडल में गर्मी बरकरार रहेगी।

### भोजन और पानी नहीं बचेगा!

डॉक्टर फार्नस्वर्थ ने चेताते हुए कहा है कि इस कॉम्बिनेशन से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 50 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री से 122 डिग्री फारेनहाइट) के बीच हो जाएगा। साथ ही दैनिक चरम सीमा और आर्द्रता भी बढ़ सकती है। इस गर्मी को इंसान समेत दूसरे जीवों को झेलना मुश्किल होगा। रिसर्च से संकेत मिलता है कि पैंजिया अल्टिमा के केवल 8 प्रतिशत से 16 प्रतिशत स्तनधारियों के लिए उपयुक्त होने की संभावना है। ज्यादातर भूभाग को बहुत गर्मी और सूखे का सामना करना होगा, इससे भोजन और पानी की भयावह कमी होगी। रिसर्च ने इस ओर ध्यान दिलाया है, हालांकि यह परिदृश्य लाखों साल दूर है। इसके बावजूद शोधकर्ता आज के जलवायु संकट की ओर ध्यान देने पर जोर देते हैं। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में रिसर्च फेलो डॉक्टर यूनिस का कहना है कि हमारे वर्तमान जलवायु संकट को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, जो ग्रीनहाउस गैसों के मानव उत्सर्जन का परिणाम है।

## 10 प्रकार की प्रीमियम शराब से बना 500 किलो क्रिसमस केक

पुडुचेरी। पुडुचेरी में स्थित एक प्रमुख पाँच सितारा होटल में हर साल क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस केक बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम के बाद इस वर्ष की विशेष मिश्रण तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विशेष अतिथियों, जैसे कि शेफ और कुकिंग एक्सपर्ट्स ने किया। यह आयोजन होटल के लिए एक महत्वपूर्ण परंपरा बन चुका है, जो हर वर्ष क्रिसमस और नववर्ष के मौसम में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष की विशेष मिश्रण में अंगूर, किशमिश, चेरी, बादाम, पिस्ता, अखरोट, संतरा और अन्य सूखे मेवों का इस्तेमाल किया गया है। इन सामग्रियों का चयन ध्यानपूर्वक किया गया है ताकि यह मिश्रण स्वादिष्ट और सेहतमंद हो। इसमें 120 प्रकार के मिश्रण और दस प्रकार के उच्च श्रेणी के मदिरा का प्रयोग किया गया है।










## 16 हजार रुपए की मछली खरीद लाया कपल, तालाब में डालते ही हुआ 'चमत्कार'

**लंदन।** दुनिया में कई ऐसे जीव हैं जिनके बारे में लोगों को पूरी तरह जानकारी नहीं होती है, इस वजह से उन जीवों की कुछ अजीबोगरीब बातों को लोग जादू समझ लेते हैं या फिर उन जीवों को एलियन मान लेते हैं। ऐसा ही इंग्लैंड के एक शख्स के घर भी हुआ। ये शख्स अपने घर के तालाब में डालने के लिए एक मछली खरीद लाया। पर जब उसने मछली को तालाब में डाला, तो कुछ ही दिनों में उसका चेहरा इंसानों जैसा हो गया। ये देखकर वो शख्स और उसका परिवार ही नहीं, आसपास के लोग भी हैरान हो गए। एक न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार 48 साल के मैलकम पॉसन लीड्स में अपनी पार्टनर और बेटी के साथ रहते हैं। वो 3 साल पहले कोई कार्प प्रजाति की मछली खरीद लाए थे। उसकी कीमत 16 हजार रुपए थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com